CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 20 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 218 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई पेज 3



एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान खेल टाइम्स



मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण सम्पादकीय



25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर संकट पेज 12

# राष्ट्रपति का अदालत से सलाह मांगना गलत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## SC का मत: हम राय बदल सकते हैं, पुराना फैसला नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों पर बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आर्टिकल 143 के तहत कोर्ट से राय मांगना गलत नहीं है।

मुर्मू ने मई में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल विधेयकों पर फैसला लेने में अनिश्चितकाल तक देरी कर सकते हैं या कोई डेडलाइन तय की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई समेत 5 जजों की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति सलाहकारी अधिकारिता में बैठी हैं, न कि अपील अधिकारिता में। कोर्ट यह राय दे सकता है कि कोई फैसला सही नहीं है, लेकिन इससे पुराना फैसला अपने आप खत्म नहीं हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक पुराने मामले का हवाला देते हुए कहा कि सलाहकारी अधिकार क्षेत्र में भी कोर्ट किसी फैसले को रद्द कर सकता है।



■ राष्ट्रपति-गवर्नर के फैसले लेने की डेडलाइन का मामला

### नाबालिग मुस्लिम जोड़े पर हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें 16 साल की मुस्लिम लड़की के अपने ही धर्म के पुरुष से विवाह को वैध करार देते हुए उन्हें मिल रही धमकियों से सुरक्षा प्रदान की गई थी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2022 के एक आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज करते हुए एनसीपीसीआर से कहा कि उसे चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने एनसीपीसीआर से सवाल किया कि उसे धमकियों का सामना कर रहे जोड़े के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देनी चाहिए?

# राहुल गांधी का भाजपा-चुनाव आयोग पर सीधा हमला

**नवादा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला बोला है और कहा है कि बिहार में वोट चुराने के लिए दोनों मिलीभगत कर रहे हैं।

श्री गांधी वोटर अधिकार यात्रा का नेतृत्व करते हुए तीसरे दिन नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया और भाजपा तथा चुनाव आयोग के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार में लाखों लोग जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, अब खुद का नाम गायब पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त मतदान का अधिकार छीनने की साजिश रच रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं सहित विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि बिहार का एक भी वोट चोरी न हो। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में पहले भी चुनावों में चोरी करने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार में भी मतदाता सूची के एसआईआर में हेराफेरी के जरिये इसी तरह की कोशिश चल रही है। इस सभा में एक स्थानीय किसान, सुबोध कुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और पोलिंग एजेंट के रूप में काम करने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था।



■ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बिहार में वोट चुराने के लिए मिलीभगत करने का लगाया आरोप

■ कहा : दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर कर रहे हैं काम

# भारत को फर्टिलाइजर व रेयर अर्थ मेटल देगा चीन

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिजों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति को लेकर उसकी चिंताओं के समाधान करने का भरोसा दिया है।

चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को यह आश्वासन दिया है।उन्होंने श्री जयशंकर के साथ बातचीत में यह आश्वासन दिया। दोनों मंत्रियों की पिछली मुलाकात गत महीने बीजिंग में हुई थी। तब उन्होंने एससीओके विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक की थी। अपने उद्घाटन भाषण में डा. जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन अपने संबंधों में एक कठिन दौर से गुज़रे हैं, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं।

■ जुलाई में इनका निर्यात बैन किया था

# रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का ऐलान किया। इस दौरान राकांपा के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार, कांग्रेस के के.सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, सपा के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे।






xmart *Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008 8392954021; SHAMLI 7617595008
SHREE SHYAM JI AUTOMOTIVE — MEERUT 7428594673 7302255500; BAGHPAT 7428594673
JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908
SHIVA AUTO CORP — BULANDSHAHAR 7617595010 8929088709
TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014

# प्राकृतिक खेती के क्लस्टरों की निगरानी होगी सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कृषि मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब प्राकृतिक खेती मिशन की प्रगति पर सख्त निगरानी करेगी। मंगलवार को विधानभवन में हुई समीक्षा बैठक में ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्लस्टरों का नियमित निरीक्षण किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि प्राख्रतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण सुनिश्चित करती है, बल्कि जैविक उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत भी दिलाती है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण और संसाधन केंद्रों का लाभ उठाकर अपने खेतों में इन तकनीकों को अपनाएं। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बैठक में कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।



बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों और 318 विकासखंडों में 1886 क्लस्टर गठित किए जा चुके हैं। अब तक 2.20 लाख किसान प्रशिक्षित किए गए हैं, 3772 कृषि सखी/सीआरपी तैयार किए गए हैं और 82 हजार से अधिक मृदा नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा 38 स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थानों के जरिए 38 मॉडल फार्म विकसित किए गए हैं। प्राकृतिक खेती मिशन की समीक्षा के बाद कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की निर्माण परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें टीश्यू कल्चर लैब, ऑर्गेनिक लैब, इनक्यूबेशन सेंटर और ऑडिटोरियम जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की गई।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय केवल इमारतें खड़ी करने तक सीमित न रहें, बल्कि रिसर्च आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय को अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना होगा, जिसमें किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली शोध दिशा तय हो। राज्य मंत्री औलख ने भी कुलपतियों और अधिकारियों से कहा कि शोध योजनाएं व्यवहारिक हों और उनके परिणाम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा लागत घटाने में मददगार साबित हों। बैठक में प्रमुख सचिव ख्रषि रविंद्र, सचिव इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टी.के. शीबू, निदेशक ख्रषि पंकज त्रिपाठी समेत विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

## बिजली संकट पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**सीतापुर।** मंगलवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन सीता. पुर के अध्यक्ष विजय अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता बिजली व्यवस्था को लेकर आक्रोशित हो गए। कचहरी परिसर में एकत्र होकर उन्होंने जिलाधिक. ारी कार्यालय तक पैदल मार्च निक. ाला और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लगातार घंटों की बिजली कटौती से आम जनता ही नहीं, अधिवक्ता वर्ग भी त्रस्त है। कचहरी में पेशियों के दौरान फाइलों का कार्य भीषण गर्मी में जनरेटर पर निर्भर होकर करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने हबिजली विभाग मुर्दाबाद, 'बिजली कटौती बंद करो', 'जनता की समस्या का समाधान करो' जैस ेनारे लगाए।

# लखनऊ में अग्निसचेतक प्रशिक्षण की शुरुआत

## 90 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से प्रदेश में एक नई पहल की शुरुआत हुई है, जिसके तहत नब्बे हजार से अधिक चयनित युवाओं को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस महानिद. ेशक पद्मजा चौहान के निर्देशन में शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आग बुझाने के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर अत्याधुनिक तकनीकों से लैस करना है।

राज्य सरकार ने इसे एक बड़े अभियान का हिस्सा बनाया है, जिसके अंतर्गत दो लाख युवाओं को फायर सेफ्टी अधिकारी या अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में तैयार कर रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य है। युवाओं को एक से चार सप्ताह तक का विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें शॉपिंग मॉल, अस्पताल, विद्यालय, ऊंची इमारतों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जा सकेगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश को देश का पहला राज्य बना रही है, जहां निजी भवनों में भी प्रशिक्षित अग्निशामक कर्मियों की नियुक्ति कानूनी रूप से सुनिश्चित की जा रही है। अत्यधिक व्यावसायिक संस्थानों, बहुमंजिला इमारतों और शहरीकरण की तीव्र रफ्तार को देखते हुए इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित मानवबल तैयार हो। इस अभियान से जहां युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा, वहीं नागरिक जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम भी उठेगा। इस प्रकार यह प्रशिक्षण केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि समाज और व्यापारिक तंत्र को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देने वाला प्रयास है।

# बैराजों से छोड़ा गया पानी बढ़ा रहा मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिले की लहरपुर तहसील क्षेत्र से शारदा और घाघरा नदियां गुजरती हैं।

तंबौर इलाके में शारदा नदी का घाघरा नदी में विलय होता है, जिसके बाद घाघरा नदी आगे बढ़ते हुए लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के सैकड़ों गांवों को प्रभावित करती है। इस समय दोनों नदियां उफान पर हैं और कई स्थानों पर कटान भी कर रही हैं।

मंगलवार को शारदा बैराज से एक लाख बहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जबकि गिरजा बैराज और कैलाशपुरी बैराज से एक लाख पचपन हजार क्यूसेक पानी घाघरा



नदी में छोड़ा गया। कुल मिलाकर तीन लाख सत्ताईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। यह पानी जब जिले में पहुंचेगा तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुसीबत और बढ़ाएगा।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा और रक्तदान शिविर

## सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर कांग्रेस का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की इक्यासीवीं जयंती (सद्भावना दिवस) पर राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की है।

इस अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा और नवनियुक्त प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. जियाराम वर्मा ने बताया कि बुधवार को होने वाले इस शिविर में बीस से पच्चीस विशेषज्ञ चिकित्सक गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और बच्चों को निरूशुल्क परामर्श देंगे और दवाइयां भी उपलब्ध कराएंगे। इसमें एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी सभी प)तियों की दवाएं दी जाएंगी। साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सहयोग भी देंगे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. आजाद बेग ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती पर लखनऊ से शुरुआत होगी और आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराया जाएगा। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से मंत्री और विधायक तक जान गंवा बैठे थे, जबकि असंख्य आम नागरिकों की मौतें चिकित्सा अव्यवस्थाओं के कारण हुईं। हाल ही में बिजनौर जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने और जनरेटर में डीजल न होने से एक मरीज की मौत इसका ताजा उदाहरण है। डॉ. बेग ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं खोखले वादों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ दूर.दराज गांवों और बस्तियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा।

साथ ही चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, उचित वेतन और प्रशिक्षण की मांग उठाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं और कांग्रेस का चिकित्सा प्रकोष्ठ सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ का पुनर्गठन और संगठनात्मक ढांचा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार से संवाद के साथ.साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता में जागरूकता के लिए चिकित्सा शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियानों को भी लगातार चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंदौली निवासी अनुराग उर्फ वर्दी उर्फ अनुज पुत्र भगवानदीन को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। वर्ष 2020 में दर्ज इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 14 में हुई। सबूत और गवाहों को परखने तथा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# अतीक अहमद के करीबी का अवैध कब्जा ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में सोमवार को देर शाम जिला प्रशासन ने भू.माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। जांच की गई तो यह जमीन ग्राम समाज के खाते में दर्ज मिली। जिस पर अतीक अहमद का करीबी और उसके साथियों ने बाउंड्री वाल बना कर कब्जा कर लिया था। प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा ध्वस्त कर जमीन को मुक्त करा लिया। सूत्रों के मुताबिक, करेंधा गांव में कुल 17 बीघा सरक. ारी भूमि थी जिस पर माफिया अतीक अहमद के करीबियों ने कब्जे में ले रखा था।

इसी क्रम में कल देर शाम अवैध कब्जा हटाते हुए जमीन को मुक्त कराया गया। ग्रामीणों ने लगातार इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर अभिषेक सिंह ने तहसीलदार, राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया। दस्तावेज़ों की जांच और मौके पर कब्जे की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीएम अभिषेक सिंह ने स्पष्ट किया कि भू. माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में चल रहे भू.माफिया मुक्त अभियान का हिस्सा है और आगे भी इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बस परिचालक की गुंडई, मान्यता प्राप्त पत्रकार का अपमान, प्रेस की गरिमा पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में परिवहन निगम बस परिचालक की दबंगई ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर दिया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा के साथ परिचालक ने न केवल अभद्रता की बल्कि सूचना विभाग द्वारा जारी वैध प्रेस मान्यता पत्र को ठुकराते हुए सार्वजनिक रूप से पत्रकार को अपमानित करने का दुस्साहस किया। इस घटना ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता और प्रेस की गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूद्गपीद्ग 34 टी 9163 का है। जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा आवश्यक कार्य से लखनऊ आ रहे थे। परिचालक ने उनके मान्यता पत्र को मानने से इंकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें धक्का देकर बस से उतारने का प्रयास किया। अपनी इज्जत बचाते हुए पत्रकार को सड़सठ रुपए का टिकट खरीदकर यात्रा पूरी करनी पड़ी। यह व्यवहार न केवल व्यक्तिगत सम्मान का अपमान था बल्कि सूचना विभाग की मान्यता प्रणाली की धज्जियां उड़ाने जैसा था। पत्रकार ने इस आचरण को भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (जानबूझकर अपमान), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और धारा 352 (मारपीट व आपराधिक बल प्रयोग) के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताया है। उन्होंने निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को विधिक नोटिस भेजते हुए संबंधित परिचालक के विरु) कठोर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा न्यायालय, प्रेस परिषद, प्रेस क्लब और मीडिया मंचों तक उठाया जाएगा। इस प्रकरण की प्रतिलिपि जिलाधिकारी लखनऊ, जिलाधिक. ारी सीतापुर, जिला सूचना अधिक. ारी तथा परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भी भेजी गई है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (भारत) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वीरेश टरार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह नौकरशाही की निरंकुशता का उदाहरण है। सरकारी कर्मचारियों का अहंकार इस स्तर तक बढ़ गया है कि वे न तो जनप्रतिनिधियों की परवाह करते हैं।

# आधुनिक तकनीक से गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार समाज कल्याण योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने जा रही है।

समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी पहरे में लाने की तैयारी में है। इस पहल से गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से योजनाओं का फायदा पहुंचेगा। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में ष्समाज कल्याण की योजनाओं में एआई का उपयोगष विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग का मानना है कि एआई. आधारित निगरानी तंत्र से डाटा सत्यापन और लाभार्थियों की पहचान सटीक रूप से की जा सकेगी। इससे फर्जी आवेदनों पर रोक लगेगी और वास्तविक पात्रों को बिना देरी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

सरकार पहले ही छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं को ऑनलाइन निगरानी से जोड़ चुकी है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को अब बार.बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, क्योंकि वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू कर दी गई है। एआई तकनीक इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएगी। डेटा विश्लेषण और स्वतः सत्यापन प्रणाली के जरिए फर्जी आवेदन तुरंत चिन्हित होंगे और लाभ पात्रों तक निर्बाध पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि एआई के उपयोग से प्रशासनिक प्रक्रियाएं पेपरलेस होंगी और कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होने से योजनाओं के संचालन में न केवल दक्षता बढ़ेगी बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# प्रोफेसर निशीथ राय के निधन पर अखिलेश ने जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉ. निशीथ राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रोफेसर निशीथ राय और उनका परिवार सदैव समाजवादी विच. ारधारा से जुड़ा रहा है।



उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ ही समाजवादी परिवार को भी अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# लम्पी रोग से गोवंश की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लम्पी रोग के संक्रमण से गोवंश को बचाने के लिए सरकार ने सघन अभियान शुरू कर दिया है।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिका. रियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश की सभी गोशालाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्थिति में गोवंश की हानि न होने पाए। मंत्री ने कहा कि एफएमडी और एलएसडी से पशुधन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त टीकाकरण कराया जाए तथा जिन जिलों में लम्पी संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, वहां दस किलोमीटर चौड़ी बेल्ट बनाकर वैक्सीनेशन कार्य अभियान के रूप में चलाया जाए। महराजग. ंज, सोनभद्र, कुशीनगर, भदोही, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और वाराणसी जैसे जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों की सीमाओं को सील करके गोवंश के आवागमन पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया है। पशुपालन निद. ेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम के टोल फी नंबर 1800.1805.141 पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण और उपचार कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपदों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और गोआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, सैनेटाइजेशन तथा चारा, भूसा, पानी और औषधि की व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में विभागीय प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रभावित जिलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और लगातार निगरानी की जा रही है।

# राजस्व वसूली और विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों तथा जुलाई 2025 तक की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त न करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, वन विभाग आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिक. ारी ने विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आरसी वसूली में सुधार पर जोर दिया। लंबित वादों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों के समाधान में शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने और उसे निस्तारण की सूचना




देने की अनिवार्यता बताई। एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को बर्ड फ्लू नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर सैंपलिंग कराने और अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के आदेश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहस. ीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अयोध्या में उर्वरक की किल्लत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए अयोध्या के किसान परेशान है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अमला भी किसानों के सामायिक दर्द को नहीं कम कर पा रहा है।

आज सुबह से ही मिल्कीपुर तहसील के कुरावन सहकारी समिति पर किसान यूरिया खाद लेने के लिए पंक्तिब( खड़े हो, धीरे धीरे समय बीतने लगा, किसान अपना विरोध दर्ज कराने लगे, खाद वितरण में सहकारी समिति के कर्मचारियों के सहयोग के लिए तैनात खंडासा पुलिस ने लाठी लेकर किसानों को दौड़ा लिया और विरोध दर्ज कराने पर लाठियां भांजनी शुरू कर दिए जिससे कई किसान जमीन पर गिर पड़े।

बिना खाद लिए किसानों को वापस लौटना पड़ा, सहकारी समिति कर्मचारियों पर यह भी आरोप लगा कि वे अपने चहेतों को यूरिया चुपके चुपके दे रहे हैं। धान की रोपाई के बाद इस समय किसानों को फसल में डालने के यूरिया खाद चाहिए जो समय से नहीं मिल पा रही है।

काफी दौड़ धूप के बाद सोर्स सिफारिश लगा कर एकाध बोरी खाद मिल भी जा रही है, उससे कुछ होने वाला नहीं है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पूर्व सैनिकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने अयोध्या पहुंचे तो भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और किसान अरलवद सिंह ने यूरिया खाद की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया।

मंत्री ने आश्वासन भी दिया लेकिन खाद की अनुपलब्धता यथावत है। तहसील सदर के कादीपुर निवासी किसान राम प्रीति वर्मा बताते हैं कि यूरिया खाद की किल्लत पिछले वर्षों में नहीं हुई, पता नहीं इस बार कैसे नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समय किसानों को फसल के लिए खाद की बहुत जरूरत है।

समय से खेतों में यूरिया खाद नहीं पड़ी तो फसल का उत्पादन कम हो जाएगा।

## वाराणसी में मां कूष्मांडा का श्रृंगार महोत्सव कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में माता कूष्मांडा देवी का सप्त दिवसीय श्रृंगार महोत्सव बुधवार से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। इस आयोजन में संगीत के क्षेत्र के कई दिग्गज कलाकार अलग.अलग दिनों में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक पं. विश्वजीत दुबे ने बताया कि तीन दिन शास्त्रीय संगीत और तीन दिन लोक संगीत के आयोजन होंगे। अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा का गायन, प्रो. राजेश साह का सितार वादन, देवाशीष डे का गायन और कमला शंकर का गिटार वादन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति को लेकर एमओयू

**लखनऊ।** गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और यूके की एफसीडीओ (द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट आफिस) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। हाल ही में सम्पन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू किए जाने को लेकर प्रस्ताव पास किया था। जिसके क्रम में आज यह एमओयू किया गया है। यह योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से आरंभ होगी और प्रारंभिक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगी।

### रेलवे में तय मानक से ज्यादा लगेज पर लगेगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों के लिए नया कदम उठाने जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो हवाई यात्रा में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की तरह ही अब रेल यात्रियों के लिए सख्त 'लगेज नियम' लागू करने जा रहा है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार यात्रियों को प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से अपना सामान तौलना होगा और वजन सीमा का सख्ती से पालन करना होगा। सीमा से अधिक सामान या कम वजन के बावजूद बहुत भारी सामान ले जाने वालों पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परिधान, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा सामग्री आदि बेचने वाले इन आउटलेट्स से यात्रियों की सुविधा और रेलवे राजस्व दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही स्टेशनों को एक आधुनिक, हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिलेगा।

# लावा बनकर फूटा 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के आवास का घेराव किए जाने के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। इससे आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से फैसला आने के बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला उच्चतम न्यायालय में है। अभ्यर्थियों का कहना था कि उनकी मजबूत पैरवी की मांग के बावजूद सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कोर्ट में 20 से अधिक तारीख लगी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वर्ष 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की याचिका पर 13 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों की नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया।

# यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर किसान बेहाल: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है, जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आई है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहीं मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही हैं। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं, उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे हैं। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे हैं, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है।

# कानून का लंबा अनुभव है सुदर्शन को

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे

इंडिया गठबंधन की ओर से घोषित उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बालकृष्ण सुदर्शन रेड्डी का संबंध तेलंगाना के एक किसान परिवार से है और वह कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे।

रेड्डी का जन्म आठ जुलाई 1946 को तत्कालीन आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के रंगारेड्डी जिले में हुआ। उस्मानिया विश्व. विद्यालय में विधि के छात्र रहे रेड्डी ने 27 दिसंबर, 1971 को आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में अपना पंजीकरण कराया। उन्होंने हैदराबाद में बने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में रिट और दीवानी मामलों की प्रैक्टिस की। रेड्डी ने 1988-90 के दौरान उच्च न्यायालय में सरकारी वकील के रूप में भी काम किया। उन्होंने सन 1990 में छह महीने के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थाई अधिवक्ता के रूप में भी काम किया। वह उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए कानूनी सलाहकार और स्थाई वकील भी रहे। उन्हें दो मई, 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह पांच दिसंबर 2005 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2007 से 2011 तक उन्होंने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दी और आठ जुलाई, 2011 को सेवानिवृत्त हुए। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और मतदान नौ सितंबर को कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन कराई जाएगी।

## लखनऊ में साइबर विशेषज्ञों ने सेमिनार में मंथन किया

# साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गतिविधियों व क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की

**लखनऊ।** विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आने वाले समय में साइबर अपराधों को रो. कने में मददगार साबित होगा।

उप्र इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गति. विधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गई। इसका इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें अपना का शिकार बना रहे हैं। सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। पैनेलिस्ट विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि डार्क वेब पर अपराधों का पता लगाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह से गुमनाम और विकेंद्रीकृत है। हालांकि कुछ हाईटेक टेक्नोलॉजी मदद से अपराधियों का पता लगाने में सफलता मिल सकती है। साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने बताया कि देश में कानून प्रवर्तन संस्थाएं साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं।

## न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका अहम: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** विधि विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका बहुत अहम होती है। यह भूमिका तब और बढ़ जाती है, जब डिजिटल साक्ष्य के आलावा कोई विटनेस नहीं होता है। यूपीएसआईएफएस के डिजिटल साक्ष्य का न्यायिक मामलों में महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सेवानिवृत्त जस्टिस तलवंत सिंह ने मंगलवार को कहा कि 26/11 मुंबई हमले के आरोपी कसाब के मामले में इंटरनेट ट्रांस्क्रिप्ट्स का उपयोग दोषसिद्धि में काफी महत्वपूर्ण था। वर्तमान डिजिटल साक्ष्य न केवल न्यायिक मामलों में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को भी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न्यायिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में न्यायपालिका को तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत किया जा रहा है और डिजिटल साक्ष्य को मान्यता देने के लिए प्रदेश में आवश्यक ढांचा तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति लाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का विस्तार किया।

# तमिलनाडु सरकार खर्च नहीं कर रही पीएम आवास योजना की राशि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में तमिलनाडु सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि खर्च नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह गरीबों के साथ धोखा है।

चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र से 608 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद तमिलनाडु सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आवास नहीं मिलने से गरीब लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में आवंटन के बावजूद दो लाख 15 हजार घरों का निर्माण नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने 2024 में उचित घरों की जरूरत वाले लोगों की पहचान के लिए आवश्यक सर्वेक्षण नहीं कराया। आंध्र प्रदेश से तेलुगू देशम पार्टी सांसद लवू कृष्ण देवरायलु द्वारा तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तमिलनाडु में गरीब लोगों के लिए घर बनाने के लिए बजट आवंटित किया है। यह अन्याय की पराकाष्ठा है कि एक साल से भी ज्यादा समय से दो लाख 15 हज़ार से ज्यादा लोगों को घर नहीं दिए गए हैं।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी

**मुंबई, वार्ता**



नए सुधारों की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचक. ांक करीब चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 370.64 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त में 81,644.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 14 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। लाल किले से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई पीढ़ी के सुधारों के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद आज सुबह से ही प्रमुख सूचक. ांकों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में गिरावट के दबाव में मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली रही, लेकिन बाद में यूरोपीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद निवेशकों ने उन पर विश्वास दिखाया। सेंसेक्स 45.36 अंक की बढ़त में 81,319.11 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिन का निचला स्तर 81,315.44 अंक और उच्चतम स्तर 81,755.88 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में 19 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जबकि शेष 11 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 3.50 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 3.16, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.82 और इटरनल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, इंफोसिस, एसबीआई में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.09 प्रतिशत लुढ़क गया। पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, बीईएल और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही। निफ्टी-50 सूचकांक भी 14.40 अंक मजबूत होकर 24,891. 35 अंक पर खुला। यह नीचे 24,873. 95 अंक और ऊपर 25,012.65 अंक तक गया, हालांकि 25 हजार से ऊपर टिक नहीं सका। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 0. 47 प्रतिशत की तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों का विश्वास बनने से निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.01 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.70 फीसदी की तेजी रही।

# सोना 455 गिरकर 99,168 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.14 लाख किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 455 रुपए गिरकर 99,168 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,623 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए वहीं चांदी की कीमत आज 425 रुपए कम होकर 1,13,625 रुपए प्रति किलो हो गई है।

इससे पहले चांदी 1,14,050 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत दिल्ली 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,5001 मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,3501 कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,3501 चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,3501 भोपाल 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 सोना इस साल अब तक 23,006 महंगा हुआ।

# एयर इंडिया का हरित विमान ईंधन के लिए इंडियन ऑयल से करार

**नई दिल्ली, वार्ता**

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने हरित विमान ईंधन (एसएएफ) की आपूर्ति के लिए मंगलवार को देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

एयरलाइंस ने इसे भारतीय विमानन के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इस एमओयू के तहत एयर इंडिया और आईओसीएल ने विमानन क्षेत्र में कम कार्बन वाले ईंधन को बढ़ावा देने, वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों का समर्थन करने और अधिक टिकाऊ हवाई परिवहन संचालन की दिशा में योगदान देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। वर्ष 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में एयर इंडिया परिचालन दक्षता, कम कार्बन उत्सर्जन और अब एसएएफ में सक्रिय रूप से पहल कर रही है। यह करार कंपनी के हरित विमानन पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक (विमानन) शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख (जीआरसी एवं कॉर्पोरेट मामले) पी. बाला. जी ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी और एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साहनी ने कहा कि एयर इंडिया के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हरित विमानन की ओर देश के संक्रमण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।




# हंगामे के बीच ही पारित कराया गया आईआईएम विधेयक

■ लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया वापस लेने और वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने तीन बार के स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी दलों के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विधेयक पारित किए जाने संबंधी प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वे शोरगुल करके कार्यवाही बाधित न करें, अपने-अपने स्थानों पर जायें। उनकी अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं पड़ा और वे नारे लगाते हुए शोरगुल करते रहे। इस पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदस्य सदन की कार्यवाही चलने देना नहीं चाहते और उन्होंने कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए सदन के बीच. ोंबीच आ गए, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ही सदन को चलाने का प्रयास किया।

उन्होंने 'अंतरिक्षीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले 'अंतरिक्ष यात्री- 2047' तक विकसित भारत के संकल्प लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर सोमवार को शुरू हुई विशेष चर्चा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के निशिकांत दुबे का नाम लिया। दुबे ने हंगामे के बीच चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि उसने कभी वैज्ञानिकों का सम्मान नहीं किया, इसलिए कांग्रेस चर्चा से भाग रही है और इस विषय पर चर्चा नहीं चाहती है। पीठासीन अधिकारी ने दुबे से चर्चा रोकने का आग्रह किया और हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी उनकी नहीं सुनी, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कादियान, अमृतसर-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराकाइंग पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# करंट से महिला की मौत, मचा कोहराम

## घर में पंखे का तार लगाते समय हुआ हादसा, परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** घर में करंट से महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर सीओ सदर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फारेंसिक टीम को बुलाकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने लिखित में शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

गांव बसेड़ा निवासी बिट्टू की 28 वर्षीय संजू मंगलवार को दोपहर बाद घर में पंखा चलाने के लिए उसका तार बिजली के स्वीच में लगा रही थी उसी समय बिजली का करंट लग गया ओर वह बेहोश हो गई। परिजनों ने तुरंत ही डाक्टर को बुलाया उसने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीओ सदर व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने मृतका के घर वालों को सूचना दी उन्होंने पहुंच कर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया।

पुलिस ने तुरंत ही फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया उसने भी जांच की। महिला के हाथ में करंट लगने का निशान है। पुलिस को काफी देर तक शव नहीं उठाने दिया। महिला के तीन बच्चे हैं। घटना के बाद जहां परिजनों मे कोहराम मचा है वहीं आसपास में भी शोक की लहर है। पूरे दिन क्षेत्र में शोक छाया रहा और परिजनों में मातम रहा।

पुलिस व ग्रामीणों ने मृतका के परिजनों को समझाकर शांत किया परिजन व ससुराल वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया ओर पुलिस को लिखकर दे दिया।

## जंगल में बेहोशी की हालत में मिला किसान

**खेत पर काम करने गए थे बरला निवासी मांगे राम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** गांव बरला में एक किसान जंगल में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। परिजनों ने उसे सीएचसी पुरकाजी ले गये डाक्टरों के मना करने पर मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां से गंभीर हालत में बेगरजपुर चिकित्सालय भेज दिया गया।

मंगलवार को बरला निवासी किसान मांगेराम त्यागी अपने खेत में गया था जब वह दोपहर तक घर नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाश करने जंगल में गये वहां बेहोशी की हालत में पड़ा मिला।

परिजन उसे पुरकाजी सीएचसी ले गये। डाक्टरों ने उसे भर्ती से इंकार कर दिया। जिला चिकित्सालय में में डॉक्टरों ने मनाकर दिया उसके बाद बेगरजपुर चिकित्सालय ले गये है। हालत गंभीर बताई जा रही है उसको किसी जानवर ने काटा है या गर्मी के कारण बेहोश हुआ है अभी पता नहीं चल सका है।

## एसएसपी ने किया नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत नई मंडी स्थित नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी टीम के साथ शाम के समय नशा मुक्ति केन्द्र पहुंचे और यहां की समस्त व्यवस्था, उपचार व परामर्श प्रणाली चिकित्सा सुविधाओ को चैक करते हुए उनहोने रहन सहन का भी जायजा लिया। एसएसपी ने नशा मुक्ति केन्द्र के प्रबंधक को आदेश दिए कि यहां भर्ती प्रत्येक व्यक्ति को समय से इलाज के साथ मनोवैज्ञानिक परामर्श सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होने साफ-सफाई पर भी बल दिया और उन्होने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्र में आने वाले लोगों को पढ़ाई के साथ अच्छा रहन सहन की व्यवस्था की जाए।

# अग्निपथ योजना में सेना भर्ती की तैयारी पूरी

## 54 तहसीलों के 17 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

**कर्नल सत्यजीत बेबले ने मीडिया को दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में 21 अगस्त की शाम से होने जा रही दूसरी अग्निवीर खुली भर्ती रैली की सभी तैयारियां सैन्य अफसरों ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी कर ली है। इस बार भी 13 जनपदों की 54 तहसीलों से करीब 17 हजार अभ्यर्थी इसमें शामिल्ट होंगे। यह भर्ती रैली 14 दिन चलेगी और 06 अगस्त को सभी 13 जनपदों के अभ्यर्थी अग्निवीर क्लर्क पद के लिए दौड़ के मैदान पर अपनी शारीरिक दक्षता को साबित करने के लिए उमड़ेंगे।

इस बार सेना ने जिले में भर्ती स्थल के लिए कुछ व्यवस्था परिवर्तन किया है। पहली बार अभ्यर्थी नुमाइश मैदान पर दौड़ेंगे। मंगलवार को भारतीय सेना भर्ती बोर्ड मेरठ कार्यालय के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने स्थानीय भर्ती स्थल चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में पत्रकारों को भर्ती रैली की जानकारी देते हुए बताया कि 21 अगस्त से 06 अगस्त तक 13 जनपदों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निपथ योजना में खुली भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें करीब 17 हजार चयनित अभ्यर्थियों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा और प्रतिदिन लगभग 1200 अभ्यर्थी मुख्यालय पर उमड़ेंगे।

सेना भर्ती कार्यालय मेरठ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 13 जिलों मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर के युवा इसमें प्रतिभाग करने जा रहे हैं। 21 अगस्त की शाम से ही भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी।

### पहले दिन गौतम बुद्ध नगर और शामली की तहसील के युवा आजमाएंगे भाग्य

पहले दिन जनपद गौतमबुद्धनगर की तीन तहसीलों दादरी, सदर और जेवर तथा जनपद शामली की तहसीलों कैराना, शामली सदर और ऊन के युवा शामिल रहेंगे। सवेरे नुमाइश मैदान पर दौड़ कराई जायेगी।

### मुजफ्फरनगर के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दो को

मुजफ्फरनगर जनपद की चारों तहसीलों के चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 02 सितम्बर को होगी। मेरठ के लिए दो दिन और बुलन्दशहर के लिए तीन दिन दिये गये हैं। यह भर्ती अग्निवीर के विभिन्न पदों जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क और ट्रेड्समैन के लिए की जा रही है।

उन्होंने बताया कि करीब एक माह से इस भर्ती के लिए तैयारी की जा रही हैं। इस बार स्पोर्ट्स स्टेडियम के ट्रैक पर दौड़ नहीं कराई जायंगे, दौड़ के लिए नुमाईश मैदान पर व्यवस्था की गई, वहां पर 1600 मीटर की दौड़ के लिए अच्छा सर्किल मिला है। स्टेडियम में एक चक्कर 400 मीटर का ही बैठ रहा है और फिर बारिश को देखते हुए यहां पर दुर्घटना की संभावना के कारण ही मैदान बदला गया है। स्टेडियम में बीम पुशअप और जिग जैग आदि परिक्षण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने भर्ती को पूरी तरह से पारदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें युवाओं को भ्रमित करने वाले दलालों पर सैन्य इंटेलीजेंस नजर बनाये हुए है। युवा किसी के बहकावे में न आयें। उन्होंने बताया कि इस बार भर्ती व्यवस्था में भी कुछ बदलाव किया गया है। पहले शारीरिक दक्षता परीक्षण के उपरांत लिखित परीक्षा कराई जाती थी, लेकिन इस बार पहले लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

### 63 हजार अभ्यर्थियों में से 17 हज़ार का चयन

भर्ती के लिए 13 जिलों से लगभग 63 हजार अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था, जिनकी लिखित परीक्षा 12 मार्च से 10 अप्रैल तक कराई गई। इसमें 17000 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जो अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच अगस्त को शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्ण होगी, इसके बाद छूटे अभ्यर्थियों को अवसर देने के लिए छह अगस्त का दिन रिजर्व किया गया है। यहीं पर तीन दिनों तक चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल टेस्ट भी पूर्ण कराया जायेगा।



मुजफ्फरनगर: पत्रकारों से वार्ता करते सैन्य अधिकारी।



मुजफ्फरनगर: नुमाईश ग्राउंड में सेना भर्ती की तैयारी में जुटे आर्मी के जवान।

# युवाओं को अब शहर में मिलेगा रोजगार

## मंत्री कपिल ने किया आईआईए के कैंपस कनेक्ट पोर्टल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आईआईए कैंपस कनेक्ट के अंतर्गत होटल मे जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा रहे। इस अवसर पर आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, उपायुक्त उद्योग जैस्मिन फौजदार सहित सहारनपुर, शामली, कैराना, बुढ़ाना से आए आईटीआई प्रतिनिधि, गांधी पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के प्रधानाचार्य तथा बड़ी संख्या में उद्योग. पति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चैप्टर चेयरमैन अमित जैन ने अतिथियों का स्वागत कर किया। तत्पश्चात कैंपस कनेक्ट पोर्टल का शुभारंभ मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, सीडीओ कमल किशोर देशभूषण और राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बटन दबाकर किया। आईआईए के निवर्तमान चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय नेतृत्व और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्हें लखनऊ में मुजफ्फरनगर चैप्टर को मिले तीन अवार्ड मंत्री एवं जिलाधिक. ारी के करकमलों से प्रदान किए गए।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि कैंपस कनेक्ट मुजफ्फरनगर के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इस वेबसाइट के माध्यम से आईटीआई और पॉलिटेक्निक के छात्रों को स्थानीय उद्योगों में प्रशिक्षण व रोजगार मिलेगा। आईआईए के विशेष सचिव अमन गुप्ता ने पोर्टल की तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अनमोल अग्रवाल एवं राहुल मित्तल ने किया। अंत में आईआईए की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने सभी उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। यहां अशोक अग्रवाल, अश्वनी खंडेलवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज केडिया, मनोज अरा. ेरा, सुधीर गोयल, नवीन अग्रवाल, शरद जैन, अमित गर्ग, दीपक सिंघल, सुशील अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, उमेश गोयल, अनमोल गर्ग, राज शाह, नमन जैन, प्रेरक जैन, अरविंद मित्तल, प्रीतुल जैन, अंकुर गर्ग, डॉ. यशपाल सिंह, संजीव मित्तल आदि रहे।

# साकेत से रेलवे स्टेशन पर जाने वाला मार्ग बंद होने से आक्रोश

## क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन कर किया रेलवे विभाग का विरोध, मार्ग खुलवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे विभाग ने साकेत कॉलोनी से रेलवे पार व स्टेशन तक जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया है। इस मार्ग को लेकर कॉलोनी वासियों ने भारी आक्रोश छा गया है। क्षेत्र के वासियों ने मौके पर ही विरोध किया और मार्ग को खोलने की मांग उठाई। इस क्षेत्रवासियों का कहना था कि साकेत कॉलौनी का यह रास्ता कई वर्षो से खुला हुआ था और इस मार्ग से लोग आस पास के मौहल्लेवासी, स्कूली बच्चें गुजरते थे, लेकिन रास्ता बंद होने से लोगों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पडेगा और इस क्षेत्र के रहने वालों को स्टेशन व अन्य स्थानों पर जाने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पडेगा।

अन्य क्षेत्रों में भी इस रास्ते की महत्वपूर्ण भूमिका थी, लेकिन अचानक बंद होने से स्कूली बच्चों व बुजुर्गो को आना-जाने में कठिनाई का सामना करना पडेगा। क्षेत्र के लोगों ने यह भी बताया कि जब तक स्टेशन व आस-पास को जाने के लिए कोई नया रास्ता नहीं बनाया जाता जब तक इस रास्ते को बंद करना ठीक नहीं है। उन्होने रेलवे प्रशासन से मांग रखी कि इस रास्तो को खोला जाए। क्षेत्रवासियों ने रेलवे विभाग को स्पष्ट कहा कि यदि रास्ता नहीं खोला गया तो धरना



प्रदर्शन भी किया जा सकता है। फिलहाल रेलवे विभाग अपनी ओर से कार्यवाही में लगा हुआ है।

# 11 वर्ष पूर्व हुई हत्या में चार को आजीवन कारावास

**2014 की है घटना, पांचवे आरोपी की हो चुकी है मौत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोप सिद्ध होने पर चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि सुनवाई के दौरान एक आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है यह मामला ग्यारह वर्ष पुराना है।

जनपद शामली के ग्राम बलवा निवासी इकराम की चौदह जुलाई 2014 को उस वक्त हत्या कर दी गई थी जब वह मस्जिद से नमाज पढ़कर आ रहा था। आरोपियों ने रंजिश के चलते रास्ते में ही उसको घेर लिया था और रास्ते में ही उसकी हत्या कर दी है मृतक के भाई नफीस अहमद ने अफसरून, नवाब, इंसार, कादिर व इस्लाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे के बाद आरोपी जेल चले गए थे और विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। तभी ये यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सात के पीठासीन अधिकारी रितिश सचदेवा केयहां विचाराधीन था। इस मुकदमे में सबूत व गवाह पेश किए गए। दोनो पक्षों के वकीलों की दलीलों के चलते कोर्ट ने कोर्ट ने सभी लोगों को दोषी पाया और कोर्ट ने चार लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है, जबकि इसी मामले में नामजद अफसरून की 19 अक्टूबर 2021 को मौत हो गई थी।



मुजफ्फरनगर: आईआईए के कार्यक्रम में राज्यमंत्री का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी।

# दस करोड़ की स्मैक पकड़ी

## चार तस्कर गिरफ्तार, चंडीगढ़ से लेकर मुम्बई तक करते थे सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत बुढ़ाना पुलिस ने नशे का कारोबार करने के आरोप में चार तस्करों को दस करोड़ की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि यह लोग बरेली से स्मैक खरीदकर आस-पास के जनपद व दूसरे राज्य में उसको बेचकर कई गुना अधिक मुनाफा कमाते थे। एसएसपी ने इस तस्करी में जुडे मुख्य आरोपी के करोड़ो के मकान को कुर्क करने की बात कही है। मंगलवार की दोपहर पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाना पुलिसने सूचना के आधार पर राजपुर, छाजपुर नदी के पुल के निकट से अब्दुल कादिर पुत्र जुल्फिकार निवासी ग्राम जिजोला झिंझाना बरार उर्फ सोनू पुत्र याकूब निवासी जोला बुढ़ाना, बाबर पुत्र रिजवान निवासी सरसावा सहारनपुर और रिहान पुत्र फुरकान निवासी बघरा तितावी बताया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 165 ग्राम स्मैक, एक कार और एक कांटा बरामद किया है।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार हुए तस्कर बरेली से स्मैक खरीदकर सहारनपुर मुजफ्फरनगर व अन्य राज्य तथा दूसरे जनपदों में इसकी तस्करी करते है। पकड़े गए आरोपियों में बरेली के तस्करों के नाम भी पुलिस को बताए है। एसएसपी ने बताया कि इस नशीले पदार्थ की तस्करी में कादिर मुख्य आरोपी है और उसने इस धंधे से मोटी रकम कमाकर एक करोड से अधिक का मकान बनाया है और कादिर के मकान को कुर्क करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। एसएसपी ने यह भी बताया कि एक सप्ताह में उन्होने सोलह करोड के मादक पदार्थ बरामद किए है।



मुजफ्फरनगर: ड्रग माफिया के खिलाफ प्रदर्शन करते शिव सेना व क्रांति सेना के कार्यकर्ता।

# ड्रग्स माफियाओं पर भड़के हिन्दूवादी संगठन

## शिवसेना-क्रांतिसेना ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में पनप रहे ड्रग्स के धंधे के खिलाफ शिवसेना व क्रांतिसेना कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्गो से जुलूस निकालते हुए ड्रग्स माफियाओं और प्रशासन की मिलीभगत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शिवसेना मंडल अध्यक्ष शरद कपूर और जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा के नेतृत्व में निकाला गया। कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से जुलूस के रूप में रवाना होकर कोर्ट रोड, शिव चौक व झांसी की रानी मार्ग होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मुजफ्फरनगर जनपद अब ड्रग्स माफियाओं का गढ़ बन चुका है। गांव-गांव और मोहल्लों में खुलेआम नशीली दवाओं और इंजेक्शनों की बिक्री हो रही है, जिसके कारण बच्चों और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। सड़कों और चौपालों पर नशे में डूबे लोग देखे जा सकते हैं, यहां तक कि छोटे-छोटे बच्चे भी नशीली दवाओं का सेवन करते दिखाई देते हैं। प्रदर्शनकारी लोगों का कहना था कि इस मामले में पुलिस भी लापरवाह बनी हुई है।

नेताओं ने आरोप लगाया कि ड्रग्स माफिया बेरोजगार युवकों की आईडी पर अधिकारियों की मिलीभगत से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस बनवाकर उसे किराए पर लेकर धंधा चलाते हैं।

पकड़े जाने पर निर्दोष युवा जेल जाते हैं, जबकि बड़े माफिया पैसे और पावर के दम पर बच निकलते हैं। इस अवसर पर शिवसेना नेता प्रमोद अग्रवाल, क्रांतिसेना महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान, शिवसेना महानगर प्रमुख ओंकार पंडित, मंगतराम सोनकर, नरेंद्र ठाकुर, अमित गुप्ता, युवा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सैनी, उज्ज्वल पंडित, बृजपाल कश्यप, सहेंद्र कश्यप, ठाकुर अमन सिंह, मानुज कश्यप, पिंकू नवला, अभिषेक शर्मा, निकुंज चौहान, शुभम पाल, गौरव शर्मा, सुमित धीमान, रूपराम, प्रभात रावत, जंगी सौदाई, राकेश सोनकर, राजेंद्र तायल, हम कुमार कश्यप, भारत खोखर, भारत राजपूत, बबलू ठाकुर, अरविंद सैनी कश्यप, शैलेंद्र बिवकर्मा, अमित शर्मा, साकेत कश्यप, सूरज सेठी, सुभाष उपाध्यक्ष, अमित राजपूत, धर्मवीर कश्यप, बॉबी ठाकुर, अरविंद कौशिक, नितिन भोपड़ा, राकेश धीमान, मोहित गर्ग, दिनेश चंद्र शास्त्री, नरेश सैनी, किरणपाल सैनी, शाहिद सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गन्ना विभाग के अधिकारी पर हमले का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र स्थित गन्ना विकास परिषद तितावी के राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक पर जान लेवा हमले व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गन्ना विकास परिषद तितावी में राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक चन्द्रभान पुत्र श्री मोहन लाल ने थाना सिवि लाइन पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अट्ठारह अगस्त की शाम वह अपने कार्यालय में विभागीय काम कर रहा था। आरोप है कि तभी प्रवीन्द्र पुत्र किरण सिंह निवासी कूकडा, नवेन्द्र सिंह पुत्र बृजपाल निवासी खेडा दूधाधाडी आए और जातिसूचक शब्द कहते हुए उस पर हमला कर दिया। चन्द्रभान ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ अभिलेखों के साथ भी छेडछाड दी। तहरीर में एक ओर अन्य व्यक्ति का नाम बताया गया है।

# बिना टेंडर और टैक्स लिए जीटी रोड पर लगे होर्डिंग

## नगर पालिका की लापरवाही नागरिकों के लिए बनी जान का खतरा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद की लापरवाही एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। आलम यह है कि कस्बे के जीटी रोड पर जगह-जगह लगे विशाल खंभों पर बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्ड चमक रहे हैं, जबकि पालिका ने विज्ञापन संबंधी कोई टेंडर और टैक्स वसूल किया जाता है। ऐसे में इन अवैध होर्डिंग्स से शासन और नगर पालि. का को हर माह लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है।

अगर बात करे पालिका सीमा क्षेत्र में यदि कोई व्यापारी या उद्योग. पति अपने व्यापार या कंपनी का प्रचार-प्रसार करना चाहता है, तो उसे पालिका से अनुमति लेनी होती है और निर्धारित टैक्स जमा करना होता है। लेकिन खतौली नगर में नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से विज्ञापन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि नगर पालिका कार्यालय के गेट के सामने ही बिना टैक्स दिए होर्डिंग्स लटक रहे हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ ठेकेदार व्यापारियों और उद्योग. पतियों से 20 से 30 हजार रुपये तक वसूल कर इन विज्ञापनों को लगवा रही हैं। जबकि इनसे नगर पालिका को एक भी पैसा टैक्स के रूप में नहीं मिल रहा है।

जाहिर है कि यह सीधे-सीधे शासन को करोड़ों के राजस्व की हानि पहुंचा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि पालिका प्रशासन जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है। अगर जिम्मेदार अधिकारी सक्रिय होते तो अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर अब तक कार्रवाई हो चुकी होती। पालि. का की यह कुंभकर्णी नींद सवालों के घेरे में है। सवाल यह उठता है कि आखिरकार पालिका और शासन को लाखों का चूना लगाने वाले इन अवैध विज्ञापनों पर कब तक लगाम लगेगी?ये बड़ा सवाल है,,सूत्रों की माने तो कही ना कही इस विज्ञापन बोर्डो के पीछे लाखों का घोटाला होने की बू आने लगी है।

> इस सम्बंध में कुछ शिकायते आई थी जिसके बाद कुछ लोगों को नोटिस भेज कर बोर्ड न लगाने के निर्देश दिए गए थे, अगर अब भी कोई बॉर्ड किसी व्यक्ति द्वारा विज्ञापन के बोर्ड लगाए गए है, तो उन्हें नोटिस भेज कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा कोई टैक्स नही लिया जाता है,,उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, उच्चाधिकारियों से जानकारी लेने के बाद ही वह इस पर कुछ कह पाएंगे।
>
> **राजीव कुमार**
> **नगर पालिका अधिशासी अधिकारी**
> **खतौली**

# चंडीगढ़ में चमका छात्र परिषद, देशभक्ति की छठा बिखेरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छात्र परिषद ने ष्नया भारतष् और ष्हर घर तिरंगाष् विषयों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमो से देशभक्ति का संदेश दिया। छात्रों ने ष्मैं भारत हूंष् गीत के बाद एक कविता प्रस्तुत की। बीटल्स क्लब के छात्रों ने देशभक्ति का संदेश दिया, तो वहीं सेवन नोट्स क्लब के छात्रों के एक समूह ने गीत प्रस्तुत कर देशभक्ति की छठा बिखेरी।

चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डिग्री विंग ने कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता दिवस मनाया। यहां बीटेक कम्प्यूटर तृतीय वर्ष में अध्ययन कर रही मुजफ्फरनगर की होनहार छात्रा एवं कार्यक्रम की समन्वयक कु रवीना मित्तल की सीसीईटी (डिग्री विंग) के प्रिंसिपल डॉ.एमएस. गुजराल ने प्रशंसा की।

सभी विभागाध्यक्षों, डॉ. डीएस. सैनी, प्रोफेसर इंचार्ज छात्र कल्याण, डॉ. आराधना मेहता, संयुक्त प्रभारी छात्र कल्याण, डॉ. गुलशन गोयल, सहायक प्रोफेसर सीएसई सह अध्यक्ष छात्र परिषद की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर छात्र परिषद द्वारा नया भारत और हर घर तिरंगा विषयों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने मैं भारत हूं गीत के बाद एक कविता प्रस्तुत की।

बीटल्स क्लब के छात्रों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद सेवन नोट्स क्लब के छात्रों के एक समूह ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा, उन्होंने 12 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025 तक मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत एंटी रैगिंग पर एक ओरिएंटेशन सत्र भी दिया। शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी ली।

# वैश्य सभा कार्यकारिणी चुनाव में आम सहमति बनाने के लिए चुनाव अधिकारी अधिकृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर के आज सनातन धर्म सभा में 41 नई कार्यकारिणी हेतु चुनाव होने थे, जिसके लिए 166 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिसमें सभी 166 सदस्यों ने एक स्वर में चुनाव अधिकारी को समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति को साथ लेकर 41 सदस्यों को चुनने का अधिकार दिया जिसमें एक नाम पूर्व विधायक अशोक कंसल के नाम पर एक स्वर में सहमति जताई।

# बस में युवक की जेब कटी, पर्स समेत नकदी उड़ाई

## सार्वजनिक स्थानों पर जेबकतरों के हौंसले बुलंद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में जेबकतरों का गिरोह लगातार सक्रिय है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों और सार्वजनिक वाहनों में जेबकतरों के हौसले बुलंद हैं।

पुलिस की लापरवाह कार्यप्रणाली के कारण अक्सर ऐसे आरोपी गिरफ्त से बाहर ही रहते हैं। मंगलवार को जानसठ तिराहे पर मोहल्ला इस्लामनगर निवासी राशिद मेरठ जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। तभी मेरठ डिपो की बस पहुंची और भीड़ के साथ जैसे ही राशिद बस में चढ़े, एक जेबकतरे ने उनकी जेब से पर्स उड़ा लिया। बस में चढ़ते ही राशिद को जेब कटने का आभास हो गया। वह तुरंत नीचे उतर आए और शोर मचाया।

शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ इकठा हो गई। लोगों ने पीड़ित राशिद को साथ लेकर रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और बुढ़ाना तिराहे तक तलाश की, लेकिन जेबकतरा हाथ नहीं आया। राशिद ने बताया कि उसके पर्स में पाँच हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड और जरूरी कागजात थे। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस को दी है। फिलहाल पुलिस जेबकतरे की तलाश में जुटी है।

# मंत्री कपिल देव पहुंचे मृतक मोनू खटीक के घर



बुढ़ाना। उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मृतक मोनू तितोरिया के परिवार से उनके घर पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी। इस मौके पर मौजूद बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह को उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को भी निर्देश देते हुए कहा कि पीडित परिवार की अघधिक से अघधिक आर्थिक सहायता की जाए। कपिल देव अग्रवाल ने सीओ को कडे लहजे में कहा कि योगी सरकार में दूसरे वर्ग के लोगों द्वारा युवक को पीट पीट कर मारना जघन्य अपराध है। समाज में एक पुलिस की प्रतिक्रिया का संदेश जाना चाहिए। वायरल वीडियों के आधार पर पहचान कर सभी आरोपियों के घखिलाफ कडी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को निर्देश देते हुए कहा कि पीडित परिवार की अघधिक से अधिक आर्थिक सहायता की जाए। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि पुलिस को इस घटना का संदेश समाज को देना है। वे सभी आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करें। इस मौके पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र, बुढाना नगर पंचायत के पूर्व चेयरमेन जितेंद्र त्यागी, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा और रामनरेश आदि भी मौजूद रहे।

# जनता दे रही है डबल जीरो, सपा नेता का भाजपा सरकार पर वार

## बोले- सपनों में उलझाकर, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार सब चौपट



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सपा नेता लेतेश बिधूड़ी ने मंगलवार को खतौली क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क के दौरान भाजपा सरकार की नीतियों को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता को सपनों की घुटी पिलाई, लेकिन हकीकत में न तो शिक्षा सुधरी, न स्वास्थ्य और न ही युवाओं को रोजगार मिला।

बिधूड़ी ने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार खुद सरकारी स्कूल बंद करा रही है और प्राइवेट स्कूलों की झोली भर रही है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेला जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। बोले ह्खतौली का ट्रॉमा सेंटर केवल नाम का है, घायल मरीजों को यहां प्राथमिक सुविधा तक नहीं मिलती, सीधे मेरठ रेफर कर दिया जाता है।ह्व रोज़गार को लेकर उन्होंने कहा कि लाखों युवाओं को नौकरी देने के दावे महज़ जुमले साबित हुए। आज नौजवान रोजगार की तलाश में धूल फांक रहे हैं, जबकि जनप्रतिनिधि राजनीति कर करोड़ों कमा रहे हैं। अंत में बिधूड़ी ने तंज कसते हुए कहा ह्जनता ने सब देख लिया है, आने वाले चुनाव में भाजपा सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के नाम पर डबल जीरो ही मिलेगा।

# युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा चलाया गया नशामुक्ति संकल्पित अभियान के तहत युवाओं में नशामुक्त भारत अभियान, सकारात्मक बदलाव, समाजिक सुधार मुद्दों पर विचार विमर्श करने के साथ ही युवाओ को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। गांव बंहेडा खास में आयोजित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की आयोजित बैठक में मंच के मेरठ प्रांत संयोजक राव मुशर्रफ पुंडीर ने युवा पीढ़ी में नशे के खतरे पर गहरी चिंता जताते हुए कहा हमारे आजकल युवा नशे के आदी हो रहा है जिस कारण उनकी यह आदत परिवार के लिए घातक साबित हो रही है। जिससे परिवार ना सिर्फ मानसिक, शारीरिक, सामाजिक बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वह कल का भविष्य है इसलिए नशे से दूर रहकर मजबूत और सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण करें। इस दौरान आह्वान किया गया कि आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत में है तो उसको तुरंत रोके और उसको समझाएं। बैठक के उपरांत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नश विरोधी नारे लगाते हुए युवाओं को जागरुक किया। साथ ही सामाजिक और धार्मिक संगठनों से आह्वान किया गया कि सब एक साथ मिलकर युवाओं को नशे की लत से बचाने को अभियान का सहयोग करें। इस दौरान हाफिज शमशाद, सगीर अहमद, रागीब अली, राव तसव्वर, मेहताब पुंडीर, एहसान अली, दानीश अली, राव मारुफ, आरिफ अंसारी, शादाब पुंडीर, शेर मोहम्मद, उमर अहमद आदि लोग शामिल रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं.8930 दिनांक 01.08 .24 में गलती से माता का नाम सुगंधा करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम सुगंधा मल्होत्रा है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक अर्जुन कक्कड़**
**247-1 आर्यपुरी**
**मुजफ्फरनगर, 7895518471**

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर एकजुट हुए फोटोग्राफर्स



**मुजफ्फरनगर।** फोटोग्राफार्स वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड की तरफ से विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया गया सभी फोटोग्राफर को बहुत बहुत बधाई आने वाली 14 सितंबर को हमारे शहर में फिर से एक बार अधिवेशन व फोटो एक्सपो होने जा रहा है होने जा रहा है। जिसमें उपस्थित रहेजिला अध्यक्ष सरवन मोगा कोषाध्यक्ष मित्र सेन जी महासचिव विकास पाल जिला प्रभारी सुनील सैनी संरक्षक ऋषि पाल सैनी, बृजेश पाल, सुरेंद्र पाल, राकेश अरोरा, जोली,ओमकार कुमार , नवनीत कौशिक, टोनी केपी, धीरज, विजेंद्र सैनी, सुधीर चौधरी, प्रदीप पाल, सेंटी पाल, आकाश अग्रवाल, मोनू पाल, सेनापति, अमित शर्मा, अरुण सैनी, राजू ,सोनू पाल, सुनील गांधीनगर, प्रताप मलिक, सुशील पाल, सुनील, शुभम मोगा, विशु शर्मा, सनी साई धाम, अनु बिट्टू आदि सभी फोटोग्राफर भाई मौजूद रहे।

# कुत्तो को भी है जीने का अधिकार, निकाला मौन जुलूस

**मुजफ्फरनगर।** आज कुछ पशु प्रेमी लोगों ने मिलकर टाउनहॉल मैदान से लेकर शिव चौक तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकाला। सभी पशु प्रेमियों का कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय ने गत दिनों निराश्रित कुत्तों पर जो टिप्पणी की है और दिल्ली सरकार को आदेशित किया गया है कि 8 सप्ताह में एन0सी0आर0 के सभी कुत्ते विस्थापित कर दिये जायें, वह बिल्कुल अव्यवहारिक है। दिल्ली सरकार जिस प्रकार सडक से कुत्तों को उठाकर उनके साथ अमानवीय व्यवहार कर रही है वह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

डॉग बाईट और रेबीज का समाधान यदि कुछ है तो वह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा चलाया गया एबीसी कार्यक्रम है, जिसमें आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने का प्रावधान है। हम इस एबीसी कार्यक्रम का पूरा समर्थन करते हैं और राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों से इसे अपनाने की अपील करते हैं। क्योंकि किसी जीव को विस्थापित करना उचित समाधान नहीं है।उक्त शांति मार्च में समा. जिक कार्यकर्ता चीप गुप्ता , आशीष सरीन, निधी सरीन, संदीप अरोरा, नीशूदीप, सावन महेन्द्र, नमन जैन,मोहित त्यागी,सुश्री अनाया चौथरी, प्रवीन कुमार जैन, इंदू, सारिका आदि शामिल हुए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम FAREED AHMAD से बदलकर FARID AHMAD KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे FARID AHMAD KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**फरीद अहमद खान पुत्र सईद अहमद खान**
म0नं0- 786, योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम हाईस्कूल अंकपत्र मे Bina व आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक खाता मे Beena है, मेरा सही नाम Beena है।

**Beena W/o Vijay Kumar Goel**
**R/o 72/259, Agarsain Vihar**
**Jansath Road,**
**Muzaffarnagar (UP) 251001**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम Iqtadar Ahmad Siddiki से बदलकर Iqtadar Ahmad Siddiqui रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

Iqtadar Ahmad Siddiqui
S/o Bahar Ahmad Siddiqui, H.N. 9/380, Naim Bahar Manzil, Harnathpura, Saharanpur, UP, 247001

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम Shane Ganee से बदलकर Shan E Ghani Siddiqui रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

Shan E Ghani Siddiqui S/o Iqtadar Ahmad Siddiqui, H.N. 9/380, Naim Bahar Manzil, Harnathpura, Saharanpur, UP, 247001

**खोया पाया सूचना**

मेरी यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2013 की अंकपत्र-सहप्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक संख्या 0710636 वास्तव में कहीं खो गई है।

**निकिता चौधरी पुत्री कर्मवीर सिंह**
निवासी: तीतरो (सहारनपुर)

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा मुवक्किल जितेन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी पान्सर, ताजपुर, जिला सहारनपुर का एक मूल बैनामा बही नं. -1 जिल्द नं0-5912 पेज नं0-319 से 336 दस्तावेज नं0-7615 दिनांक 22.9. 2010 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय सहारनपुर में पंजीकृत है। वास्तव में कहीं खो गए हैं। जिसको मौ. यूसुफ पुत्र बुन्दु हसन ने श्रीमती शिमला देवी पत्नी राम चन्द्र के हक में किया है। अगर किसी को इस पर आपत्ति है तो वह 7 दिवस के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करे।

**नरेन्द्र शर्मा एडवोकेट**
चैम्बर नं0-23-ए, सिविल कोर्ट सहारनपुर।

**नाम परिवतर्न सूचना**

मैने अपना पुराना नाम MOHAMMAD IRFAN से बदलकर अब नया नाम MUHAMMAD IRFAN रख लिया है, भविष्य में मुझे नए नाम MUHAMMAD IRFAN से ही जाना व पहचाना जाए।

**MUHAMMAD IRFAN**
**S/o Gaju**
**HOUSE NO. 523, RAZA COLONY, BAGOWALI**
**Muzaffarnagar 251001**

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुमित कुमार करीब 1 वर्ष से मेरे कहने सुनने में नही था वह गलत संगत मे रहता था इसलिए मैने सुमित कुमार को दिनांक 01.01.2024 को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**नरेश पुत्र सग्गा निवासी 149, कछौली थना शहर कोतवाली**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री गीता व सरीता देवी, व पुत्र अनूप कुमार मेरे व मेरे अन्य परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। उक्त तीनो शादी शुदा है तथा मैने इनके हिस्से की सम्पत्ति व धनराशि देकर पूर्व में ही अलग कर दिया ये अपने अपने परिवार के साथ रहते हैं। मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैंने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरी दूसरी पत्नी पाल्ली देवी और बच्चों का इनसे कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं है। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदारी होंगे।

**धर्म सिंह पुत्र श्री श्याम सिंह**
**निवासी- 786/95, रामपुरी,**
**थाना कोतवाली नगर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र वाजिद मलिक व उसकी पत्नी श्रीमति फतमा परवीन मेरे कहने सुनने से बाहर है। उनका उठना बैठना व चाल चलन गलत संगत के प्रवृति के लोगों के साथ है। मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा करते है और मुझे व मेरे परिवार को संगीन धाराओं के मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। इस कारण मैने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इकबाल पुत्र मौ.नियाजू निवासी**
**म.न. 113, रामपुरी**
**थाना कोतवाली**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# मदीनपुर कैंप में 500 मरीजों ने लाभ उठाया



**बुढाना।** आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशुज ट्रस्ट द्वारा आज मंगलवार को बुढ़ाना ब्लाक के ग्राम खिजरपुर मदीनपुर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 500 मरीजों का नि:शुल्क उपचार एवं दवा वितरण की गई। कैंप मे मुख्य अतिथि के रुप मे एसडीएम बुढ़ाना श्रीमती अपूर्वा यादव को आमंत्रित किया गया था किन्तु लगातार हो रही भारी बारिश के कारण उनका आना संभव नहीं हो पाया। उन्होंने फोन कक्ल के माध्यम से ट्रस्ट अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद अरशद शाह को शुभकामनाए दीं और इस सामाजिक पहल की सराहना की। ट्रस्ट अध्यक्ष

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम **समी शेर खान** से बदलकर **मौहम्मद समी** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मौहम्मद समी पुत्र शेर खान**
निवासी: मौहल्ला पुरानी मण्डी, सराय फैज अली, सहारनपुर।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ने अपना नाम NARENDRA KAUR से बदलकर NARENDER KAUR रख लिया है, मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**NARENDER KAUR W/O NIHAL SINGH,** R/O B15/ 105, GURUNANAK VILLA, PATEL NAGAR, SAHARANPUR.

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सर्प के डसने से मरे भाई-बहन का दाह संस्कार

**बुढ़ाना।** बीते दिनों जहरीले सांप के डसने से मरे भाई बहन का आज मंगलवार के दिन नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर विधायक पंकज मलिक ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के गांव करौदा महाजन में बीते दिनों सर्प दंश से मरे भाई-बहन का गमगीन माहौल में दाह संस्कार किया गया। रात भर बच्चों की तांत्रिकों से झाड़ फूंक कराते रहे लेकिन बच्चों को बचाया नहीं जा सका।

**RAKHI PUBLIC SCHOOL**
**(10+2, Affiliated to CBSE, New Delhi)**

8th KM, Mansurpur-Shahpur Road, Sohanjani Tagan, Muzaffarnagar - 251001 (U.P.) (Website- www.rakhipublicschool.co.in)

**WALK-IN INTERVIEW**

PGT's: Physics, Maths, Phy. Education (F/M),
TGT's: Science, S.St., Music & Counselor (Trained).
After screening, shortlisted candidates will be informed for Interview & Demo.
Email : rakheepublicschool@rediffmail.com

**Contact/Whatsapp No. 6396159468, 9837002327, 9917327777**

**Dr. R.N. Tyagi** (Manager)
**Pramod Kumar** (Principal)

# आवारा कुत्तों के हमले जारी, दर्जनों ने कराया उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नगर पालिका एवं जिला प्रशासन आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी कदम नहीं उठा रहे है। अधिकारियों की लापरवाही से आए दिन नगर एवं क्षेत्र के लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं सरकारी अस्पताल में पहुंचे कई महिला पुरुष व बच्चों ने एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई हैं। विगत कई माह से लगातार आवारा कुत्तों ने नगर एवं क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। आवारा कुत्तों के काटने से एक व्यक्ति वह एक किशोर की मौत हो चुकी है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की हर गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों की टोली दिखाई पड़ती है। क्षेत्र के लोग आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रशासन से मांग कर चुके हैं इसके बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारी आवारा कुत्तों को पकड़ने



के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा।

विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आद. ेश जारी किए थे कि आवारा कुत्तों को पड़कर उन्हें शेल्टर होम यानी आश्चय ग्रह भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नगर पालिका व जिला प्रशासन पकड़ने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। मंगलवार को कस्बा निवासी नेहा, एजाज, एलिजा, नईमूल, आस मोहम्मद, पूजा, उज्जैब, नीरज, सहित आदि लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। सभी पीड़ितों ने सरकारी अस्पताल में पहुंचकर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई। आवारा कुत्तों के खौफ से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपना जीवन गुजार रहे हैं। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश पालिका प्रशासन को प्राप्त नहीं हुए हैं निर्देश प्राप्त होते ही आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा सुप्रीम कोर्ट के जो आदेश जारी हुए वह केवल नगर निगम के लिए हुए हैं। जिला प्रशासन से मांग की गई है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश जारी किए जाए।

**सुप्रीम कोर्ट ने दे रखे हैं आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई**

## प्रतिबंधित कुत्ते को न पालने की अपील

**झिंझाना।** गांव दरगाह पुर में 11 वर्षीय बालक को घर के बाहर खेलते हुए पड़ोसी के पिटबुल कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया था। कस्बे के लोगों का कहना है कि प्रतिबंधित कुत्ते को आखिर पाला ही क्यों जाता है, जिससे अपनी जान के साथ-साथ पड़ोसियों की जान का भी खतरा रहता है। रविवार की शाम को गांव दरगाह पुर निवासी 11 वर्षीय बालक देवा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पडौसी के पिटबुल कुत्ते ने बालक पर हमला बोल दिया था। कुत्ते ने बालक के पैर को नोंच डाला। बालक की चीख पुकार सुनकर पास के लोगों ने किसी तरह बालक की जान बचाई। बालक की हालत गंभीर होने के कारण उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कस्बा निवासी गयूर अली, अमित शर्मा, हितकर मित्तल, चौधरी तासीम का कहना है कि आखिर ऐसा क्या है कि प्रतिबंधित कुत्तों को घरों में पाला जा रहा है। पिटबुल नस्ल के कुत्ते अपने ही मालिक को चबा जाते हैं तथा पड़ोसियों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। सरकार को चाहिए कि इस तरह के कुत्ते पालने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। दूसरी ओर घायल बालक के ताऊ सर्वेंद्र सरोहा ने बताया कि पिटबुल कुत्ता उन्हीं के परिवार में पाला गया था। घटना के बाद कुत्ते को गांव से बाहर भेज दिया गया है।

## निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उप जिला अधिकारी ने सभी बीएलओ को घर-घर जाकर वोट बनाने तथा मतदाता सूची में त्रुटि को दूर करने के निर्देश दिए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव आयोग तैयारियों मे जुटा है 19सितंबर से शुरू कार्यक्रम को लेकर तहसील सभागार में सभी बीएलओ व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने सभी बीएलओ को किसी ग्राम पंचायत के आशिंक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगर निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्रवाई 18 अगस्त तक पूरी करने ,बीएलओ को घर-घर जाकर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने,म्रतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने तथा मतदाता सूची में नाम गलत होने की त्रुटि को सही करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि 19 अगस्त से 29 सितंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना एवं सर्वेक्षण कार्य पूरा कर अन्नतिम मतदाता सूची 5 दिसंबर तक प्रकाशित करेंगे इसके बाद दावे आप पत्तियों का निस्तारण 12 दिसंबर तक किया जाएगा ।निस्तारण उपरांत सूचियां की कंप्यूटरीकरण व डाउनलोडिंग करने के बाद 15 जनवरी को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा उन्होंने अभियान में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहस. ीलदार ललिता चौधरी ,शीशपाल वीआरसी तथा तहसील क्षेत्र के सभी 145 बीएलओ 23 सुपरवाइजर उपस्थित रहे ।

## ऑपरेशन सवेरा के तहत मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

डीआईजी सहारनपुर ने ऑपरेशन सवेरा अभियान चला रखा है, पुलिस ग्रामीणों के साथ नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम कर रही है इसी क्रम में एसपी राम सेवक गौतम के आदेश पर भभीसा चौकी इंचार्ज अजीत सिंह क्षेत्र के ग्राम किवाना में स्थित रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की तो संदिग्ध युवक कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो पकड़े गए युवक के कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मेहरान पुत्र अब्बास निवासी ग्राम गढ़ी दौलत थाना कांधला बताया है। पुलिस नहीं पकड़े गए आरोपी तस्कर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़ा गया मादक पदार्थ काफी दिनों से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। पकड़े गए आरोपी पर पहले भी कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पकड़े गए आरा. ेपी को जेल भेज दिया गया है।

## विद्यालय प्रांगण में घुसा बरसात का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में बरसात का पानी भर जाने के कारण विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो गई। बरसात के कारण अभिभावकों ने अपने बच्चे स्कूल नहीं भेजें प्रधानाध्यापक का कहना है कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है निस्तारण का आश्वासन दिया गया है। विगत कई दिनों से नगर एवं क्षेत्र में मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है मूसलाधार बारिश हो जाने के कारण कई स्थानों पर जल भराव एवं सड़कों पर कीचड़ फैला हुआ है। मूसलाधार बारिश से ब्लॉक क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में नाले की सफाई नहीं होने के कारण गांव




का बरसात का पानी विद्यालय के प्रांगण में भर गया। विद्यालय के प्रांगण में पानी भर जाने के कारण विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा पानी भर जाने के कारण विद्यालय में आने वाले दर्जनों छात्रों की शिक्षा प्रभावित हो गई। अभिभावकों ने अपने बच्चे स्कूल नहीं भेजें, विद्यालय में मात्र कुछ ही बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि कैराना मार्ग निर्माण के दौरान सड़क की ऊंचाई ज्यादा हो जाने के कारण विद्यालय निचा पड़ गया और समय से नालों की सफाई नहीं हुई जिस कारण पानी की निकासी नहीं होने पर विद्यालय में पानी भर गया। विद्यालय में लगभग 150 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है बरसात का पानी भर जाने के कारण मात्र 25 छात्र-छात्राएं ही शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यालय में पहुंचे। मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में की गई है उच्च अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्दी निस्तारण किया जाएगा।

## एक नजर

### जेए नेशनल एकेडमी पहुंचा कौशल रथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कौशल विकास मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही कौशल रथ यात्रा मंगलवार को थाना भवन क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर स्थित जे।ए। नेशनल एकेडमी पहुंची। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ थानाभवन विधायक अशरफ अली खघन तथा विद्यालय प्रबंधक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मास्टर जाहिद ने संयुक्त रूप से किया। विधायक अशरफ अली खघन ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराती हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक मास्टर जाहिद ने बताया कि डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस पहल के लिए केंद्र सरकार एवं कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के मेधावी छात्र मोहम्मद मुदस्सर पुत्र उस्मान राव को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में भुट्टू प्रधान, इस्लाम प्रधान, असलम प्रधान, मुर्तजा ठेकेदार, मास्टर गुफरान, जिया उर रहमान, राव अश्पाक, राव सलीम, मुजम्मिल राणा, डॉ. सऊद, जिया उल हक सहित विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### संदिग्ध दिखे तो तुरंत पुलिस को दें सूचना: चौकी प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस ने क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर नशे से दूर रहने और आगामी त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील की।ग्राम पंचायत भवन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता चौकी प्रभारी दीपचंद सिंह ने की। बैठक में ऑपरेशन सवेरा अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। चौकी प्रभारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना और युवाओं को नशे की बुरी लत से बचाना है।उन्होंने बताया कि समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए पुलिस सख्त कदम उठाएगी। इसके लिए गांव के प्रतिष्ठित लोग, शिक्षक और युवाओं को इस मुहिम से जोड़ा गया है, ताकि समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाई जा सके। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे का अवैध कारोबार या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस अभियान से गांव के युवाओं को सही दिशा मिलेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर कमिल प्रधान, मुरसालीन, साबिर, इकराम, आदिल, अफजल, इमरान, शहजाद, असलम, आसिफ सहित हल्का इंचार्ज दीपचंद यादव आदि मौजूद रहे।

### 8 किलो डोडा बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर रवि पुत्र पप्पू निवासी कमालपुर थाना झिंझाना जनपद शामली को अवैध 8 किलो डोडा सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त रवि के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में पड़ताल की जा रही है। शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।

### अल्प मानदेय देकर अधिक कार्य कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मंगलवार को पंचायत सहायकों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर अल्प मानदेय देकर विभाग में अलग से अधिक कार्य कराने का आरोप लगाया है। उन्होने पंचायत सहायकों का शोषण बंद कराने की मांग की है। मंगलवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि पंचायत सहायकों पर कृषि विभाग का कार्य बिना वजह थोपा जा रहा है। जिस पर पूर्णया रोक लगाई जाए। पंचायत सहायक इसका पूर्णतया बहिष्कार करते है। पंचायत सहायकों को भी प्राईवेट कर्मचारी के तर्ज पर पीएफ ईएसआई एवं बीमा लाभ दिया जाए। मानदेय ग्राम निधि से काटकर राज्य पोषित कर सीधे बैंक अकाउंट में डाला जाए। कहा कि उत्तर प्रदेश न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार पंचायत सहायकों को भी कुशल मजदूरी का लाभ दिया जाए। साथ ही पंचायत सहायकों का शोषण बंद हो। इस अवसर पर वाजिद, मोहसीन, प्रदीप कुमार, संजय, सचिन कुमार, सत्यप्रकाश शर्मा, संजीव कुमार, यश आदि मौजूद रहे।

## इमाम नासीरुद्दीन के 859वें उर्स पर मुकाबला-ए-कव्वाली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** हजरत इमाम नासीरुद्दीन के 859वे उर्स में मुक. ाबला ए कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमे शायरों ने लोगों को सुबह तक बांधे रखा। मुकाबले का उद्घाटन सुमन पुनिया, अमजद अल्वी, बाबर कुद्दूसी ने संयुक्त रूप से फीता कटकर किया। मुकाबला ए कव्वाली के आयोजन की वजह से मेले में खासी भीड़ रही। हजरत इमाम नासीरुद्दीन की मजार पर प्रति वर्ष उर्स का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जाता है। उर्स में मुक. ाबला ए कव्वाली का उद्घाटन कव्वाली में महिला शायरा जेबा रानी रियासत रामपुर तथा शाने आलम नजीबाद के बीच जबरदस्त मुकाबला चला। दोनों शायरों ने लोगों को अपने कलाम से सुबह तक बांधे रखा। शायर ने कहा कि कहीं मंदिर बना बैठे कहीं मस्जिद बना बैठे। अरे देखो हमसे अच्छी तो परिंदों की जात है, कभी मंदिर पर जा बैठे, तो कभी मस्जिद पर जा बैठे। दोनों के बीच पूरी रात मुकाबला कव्वाली चलता रहा, जिसका मौजूद लोगों ने लुत्फ उठाया। मेले में भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर महिला पुलिसकर्मी तथा अन्य पुलिस कर्मियों को सिविल ड्रेस में मेले में तैनात किया था। कव्वाली पर शान मियां, असलम मलिक, सफदर अल्वी, फैसल, नादिर अली, उस्मान, बाबर अली, अमजद अली, इकराम सभासद मौजूद रहे।







## यमुना जलस्तर घटा, तटवर्ती गांवों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पिछले कई दिनों से उफान पर रही यमुना नदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। बुधवार का दिन तटवर्ती गांवों के निवासियों के लिए राहत लेकर आया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की शाम से ही यमुना का बहाव शांत होने लगा था, जिसके कारण मंगलवार को लोगों को काफी हद तक परेशानियों से निजात मिली।

लगातार तीन दिनों तक नदी का बढ़ता पानी ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ था। इस दौरान भूमि कटान भी तेज हो गया था, जिससे पानी गांवों की ओर फैलने लगा था और लोगों में प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर आक्रोश के साथ-साथ भय का माहौल भी बन गया था। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार की शाम से यमुना का प्रवाह मध्यम हो गया और अब वह पहले की तुलना में पांच मीटर दूर बह रही है। भडी, लक्ष्मीपुरा, मंगलौरा और नाईनंगला जाटान जैसे गांवों में रहने वाले लोगों ने बताया कि जहां कटान हुआ था, वहां भी अब हालात सामान्य होने लगे हैं। नदी के शांत होने से किसानों को अपने खेतों में जाने और मवेशियों के लिए चारा काटने का अवसर मिल पाया। मंगलवार को कई ग्रामीण खेतों में पहुंचे और अपने जानवरों के लिए चारा लेकर लौटे। बीते दिनों आई बाढ़ जैसी स्थिति ने ग्रामीणों की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी थी। कई जगहों पर पानी के तेज बहाव से खेतों में खड़ी फसलें भी प्रभावित हुईं। भूमि कटान ने लोगों के दिलों में डर बैठा दिया था कि कहीं नदी का पानी उनके घरों तक न पहुंच जाए। हालांकि अब जलस्तर कम होने से लोगों में राहत की सांस है और धीरे-धीरे जीवन पटरी पर लौटता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यमुना का शांत रूप देखकर अब बच्चों और बुजुर्गों के मन का भय भी काफी हद तक कम हो गया है। महिलाएं भी घर के कामकाज और पशुओं की देखभाल में जुट गई हैं। वहीं, किसानों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि अगर नदी का जलस्तर इसी तरह कम होता रहा तो वे जल्द ही अपनी फसलों को संभालने का काम शुरू कर पाएंगे। हालांकि ग्रामीणों ने प्रशासन से यह मांग भी की है कि ऐसे हालात में तटबंधों की मजबूती पर ध्यान दिया जाए और नदी किनारे कटान रोकने के स्थाई उपाय किए जाएं। उनका कहना है कि हर साल बाढ़ जैसे हालात में उन्हें डर और परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए सरकार को दीर्घकालिक समाधान पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। फिलहाल, यमुना के शांत होने और पानी घटने से गांवों में राहत का माहौल है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि अब हालात पूरी तरह सामान्य बने रहेंगे।

## दस लाख की ऑनलाइन ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक युवक से साइबर ठगों ने ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर एक लिंक भेजकर करीब 10 लाख 87 हजार रूपये की ठगी कर ली। लंबे समय तक भी कोई पैसा वापस न आने और कोई प्रोफिट न होने पर युवक ने साईबर पुलिस थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला बडीआल जाटान निवासी अक्षय वर्मा पुत्र मोहन कुमार ने साईबर थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पास गत फरवरी माह में इन्वेस्टमेंट के नाम पर एक लिंक व्हाट्सएप पर आया था, जिसको ओपन करने पर टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया। एक टेलिग्राम आईडी द्वारा इन्वेस्टमेन्ट करने के लगातार मैसेज किए गए। टेलिग्राम ग्रुप में उनके द्वारा होटल के रिव्यु के नाम पर युवक से इंडियन ओवेरसीज बैंक से 41 हजार, तथा 221834 लाख रूपये की धनराशी क्रेडिट कार्ड से क्रेड एप के द्वारा व एक्सिस बैंक अकाउंट से 825029.50 रूपये कुल धनराशी 10 लाख, 87 हजार 863 रूपये अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग अकाउंट में इन्वेस्ट कराई गई। जिसमे से 59295 रूपये की धनराशी इंडियन ओवेरस. ीज के बैंक खाते में वापस आई। पीडित ने बताया कि अज्ञात धोखेबा. जो द्वारा इन्वेस्टमेंट की गई धनराशी धोखाधड़ी से हड़प कर ली है। जिसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर की गई थी। साईबर पुलिस ने दोनों खातों का स्टेटमेंट लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जीवन में सबसे जरूरी विनम्रता: रामानुज शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर जगन्नाथ बाला जी धाम मे मंगलवार को आयोजित सुन्दर कांड मे पंडित रामानुज शास्त्री ने कहा विद्वता के बाद यदि जीवन में विनम्रता न आए तो वह विद्वता कैसी।? विद्वता वही जो अहम और वहम से मुक्त करा कर सो*हम में प्रतिष्ठित करा दे।

उन्होने कहा महानता के द्वार का रास्ता मानवता से होकर ही गुजरता है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म और उपासना है। मानवता रूपी पथ का परित्याग ही तो पथच्युत हो जाना है। इस पूरी दुनिया में केवल एक ही इन्सान आपकी तकदीर बदल सकता है। इस पूरी दुनियां में केवल एक शख्स ही आपके हर प्रश्न का उत्तर और हर समस्या का समाधान हल निकाल सकता है और वो है केवल और केवल आप।प्रेरणादायक बनने के लिए हमे प्रेरणा लेनी भी होगी, प्रेरणा हमें वृक्षों से लेनी चाहिए, फल लग जाने के बाद जिनकी डालियां स्वत: झुक जाया करती हैं। प्रेरणा उन फूलों से भी लेनी चाहिए जो खिलते भी दूसरों के लिए और टूटते भी दूसरों के लिए हैं। जो व्यक्ति प्रेरणा लेना जानता है उसका जीवन एक दिन स्वत: प्रेरणा दायक भी बन जाता है।इस अवसर पर भगवान गर्ग अमित गोयल सौरभ नारंग सुरज तायल वैभव तायल,आर्यन, वत्सल तायल आदि मौजूद रहे।

### समस्त क्रियाएं जिनवाणी व आचार्यों के अनुसार होनी चाहिएं: मुनिराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर ने 45वें दिन प्रवचन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि समस्त क्रियाएं जिनवाणी और आचार्यों के अनुसार होनी चाहिए। बताया कि गुरु अपने आचरण के द्वारा शिष्यों को जिनवाणी का उपदेश देते हैं।





उन्होने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौथे काल में साक्षात तीर्थंकर भगवान का समोशरण प्राप्त होता था, जबकि पंचम काल में ऐसा नहीं है। फिर भी, यह केवल .ष्टि का फेर है।साधू परमेष्ठि समझाते हैं कि यदि हमारी .ष्टि सही हो तो जिनालय भी साक्षात समोशरण और तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा भी साक्षात जिनेंद्र देव के समान है। यह हमारी अपनी मान्यता और .ष्टि पर निर्भर करता है।समोशरण में तीर्थंकर भगवान निश्चल बैठे होते हैं, उनके होंठ भी नहीं हिलते, पलकें नहीं झपकतीं और गर्दन भी नहीं हिलती। उनकी वाणी मुख से नहीं बल्कि सर्वांग से खिरती हैं, उनकी उपस्थिति बिल्कुल वैसी ही होती है जैसी हम जिनालय में देखते हैं, और उनके सानिध्य से दिव्य ध्वनि प्रकट होती है। मुनिराज निष्कर्ष निकालते हैं कि वही जिनेंद्र देव और जिनालय आज भी प्राप्त हैं। यह हमारी .ष्टि पर निर्भर करता है कि हम उन्हें कैसे अनुभव करते हैं। चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन सरला, पाद प्रक्षालन महेश जैन, रिंपी जैन, शास्त्र भेंट विनोद जैन, राजीव जैन द्वारा किया गया।

# साढ़े पांच लाख की स्मैक पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** डीआईजी परिक्षेत्र के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को 550000 रुपए कीमत की स्मैक व एक बाईक के साथ गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान ग्राम नल्हेड़ा जाने वाले कच्चे पक्के रास्ते पर बाईक सवार एक युवक को चौकिंग के लिए रोका गया तो पुलिस को देख वह बाईक सवार इधर उधर दौड़ने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके कब्जे से 50 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद हुई है। बरामद स्मैक की कीमत लगभग साढे पांच लाख रुपए बताई जा रही है।




गिरफ्तार आरोपी की पहचान अफसर पुत्र याकूब निवासी ग्राम पठानपुरा अहतमाम थाना बेहट जिला सहारनपुर के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पूर्व से भी अपहरण का एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राजकुमार सारण, कांस्टेबल अरविंद कुमार व पुनित यादव शामिल रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान साईकिल चोर दबोचा

**नागल।** स्थानीय पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड कर उसकी निशान देही पर चार साइकिल बरामद की है ।पुलिस ने साइकिल चोर को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को पकड कर पूछताछ की उसने बताया कि वह साइकिल चोरी करता है।

उसकी निशान देही पर चोरी की चार साइकिलें बरामद की है । पुलिस ने आरोपी शाकिर निवासी गांव कुराली थाना नागल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। वहीं एक अन्य घटना में ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत चेकिंग के दौरान ही 75 ग्राम स्मैक के साथ सलमान निवासी खानपुर गुर्जर थाना गंगोह को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय पेश कर दिया।

# पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने चौ. मुस्तकीम के इंतकाल पर जताया दुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** पूर्व सांसद एवं सपा के वरिष्ठ हाजी फजलुर्रहमान अलीग ने चौधरी मुस्तकीम के इंतकाल पर उनके आवास पर पहुंच कर दुख जताया है।

सपा कार्यकर्ता चौधरी मुस्तकीम का इंतकाल हो गया था। जिसके बाद पूर्व सांसद एवं सपा के वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान अलीग मरहूम मुस्तकीम चौधरी के आवास पर पहुंचे और दुख जताया। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिजनों के साथ है। उन्हें अगर किसी तरह की कोई परेशानी है तो वे उनसे मिलकर अपनी परेशानी बताए इस दौरान मृतक का पुत्र बिलाल अहमद पाशा आदि परिवार के लोग मौजूद रहे।इस के बाद पूर्व सांसद सपा नेता शेख फजलुर्रहमान के आवास पर पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि उनको निराश नहीं होना चाहिए अपना मनोबल मजबूत रखते चुनावी कार्यो की तैयारी मे ईमानदारी से लग जाए इस बार प्रदेश में सपा की सरकार आयेगी और फिर से रुके हुए विकास कार्यो को कराया जाएगा। इस दौरान शेख इस्लाम डाक्टर सलिम हाजी महफूज शेख असलम महताब अताऊर्रहमान मौजूद रहे।

## छह वारंटी पकड़े

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने छह वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

थाना कुतुबशेर प्रभारी एच. एन. सिंह, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार व उपनि. रीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में दबिश देकर छह वारंटी आरोपियों नरेश पुत्र रामदिया, रविंद्र पुत्र ओमप्रकाश व बिट्टू पुत्र रविंद्र निवासीगण ग्राम बीतिया थाना कुतुबशेर, मिंटू पुत्र बृजपाल निवासी मानकमऊ गंगोह रोड थाना कुतुबश. ेर, बिलाल पुत्र रिजवान निवासी मौहल्ला लोहानी सराय थाना कुतुबशेर व अरविंद पुत्र सतीश निवासी ग्राम भाऊपुर थाना कुतुबशेर को उनके घरों से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी न्यायालय द्वारा विभिन्न मामलों में चालानी कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किए गए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष मे मंगलवार को बैडबाजा व झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली गयी ।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना के निकट स्थित शिव मंदिर में पंडित शिवकुमार भटनागर द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई गयी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी धार्मिक महोत्सव मनाने की सार्थकता तब है जब हम उसके अनुरूप आचरण करे। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी वहीं नृत्यांगना टोली धार्मिक गीतो पर नृत्य कर आकर्षण का केंद्र बनी थी।



शोभायात्रा प्राचीन शिव मंदिर से आरंभ होकर मेन बाजार, बस स्टैंड, स्टेट हाईवे, ब्लाक चौराहा होते हुए वापस शिव मंदिर पर संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मुस्तैद रहा। श्रीपाल धीमान, राज. कुमार शर्मा, आतेश चौधरी, राजकरण चौधरी, योगेश शर्मा, रुपेश शर्मा, पिंटू चौधरी, ओमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने कराई समस्याएं निस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भाजपा के ब्लाक साढ़ोली कदीम के ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास ने अपने आवास पर क्षेत्र के लोगों की जन समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण भी कराया गया।

मंगलवार को गांव गंदेवद मे अपने आवास पर ग्रामीण की जन समस्याएं सुनने के बाद आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से ही भारत देश को पूरे विश्व में हर कसौटी पर प्रथम पायदान पर विकसित बनाने का संकल्प साकार हो रहा है हम सभी लोगों को मिलकर इसमें अपनी भागीदारी मजबूती के साथ निभानी होगी। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है कार्यकर्ताओं की अथक



परिश्रम और लगन से ही यह सब साकार हुआ है।

उन्होंने कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है हर गली घर-घर जाकर सरकार की नीतियों को घर घर जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी प्रधान चौधरी रणबीर ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जात-पात अथवा क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर देश के चौमुखी विकास का संकल्प लेकर अपना काम कर रही है सभी पार्टी के पदाधिकारी लोगो की जो भी समस्याएं है उन्हें हल कराने का काम करे। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी चौधरी इनाम पूर्व प्रधान सुभाष चौधरी ,बबलू कुमार निसार अंसारी वेदपाल संदीप कुमार चौधरी रामदिया चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पशु क्रूरता में तीन को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** निर्दयता पूर्वक एक कैंटर में ठूंस-ठूंस कर भरे कटडों को लेकर जा रहे तीन लोगों को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा पकड कर पुलिस को सौंपे जाने के बाद पुलिस ने जिंदा कटडों को आठ किसानों की सुपुर्दगी मे दे दिए। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए न्यायालय पेश कर दिया।

सोमवार शाम हिंदू संगठनों से जुडे कार्यकर्ताओं द्वारा सूचना मिलने पर गांव बसेडा के निकट हाईवे पर बेरहमी से लदे पशुओ से भरे एक केंटर को पकड़ा गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में लेते हुए कंटेनर को कब्जे में लेकर ब्लाक चौराहा स्थित सहक. ारी समिति के मैदान में पशुओ से भरे



कंटेनर को खाली कराया था। केंटर से उतारे गए 21 कटडूओ की दम घुटने से मौत हो चुकी थी जबकि कुछ की हालत गंभीर बनी हुई थी।

मौके पर पशु चिकित्सकों को बुलाकर उनका उपचार कराया गया। मंगलवार सुबह उपचार के बाद जीवित 87 कटडों को आठ किसानों की लोगों के सपूर्दगी मे कर दिया गया । पकड़े गए तीनों आरोपियों अनीश पुत्र लतीफ, रिजवान पुत्र नवाब तथा अखलाक पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला कैतीपुरा थाना कोतवाली जनपद बागपत को पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत धाराओं में मामला दर्ज जेल भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने लक्ष्य के अनुरूप तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप जिन कार्यों में प्रदर्शन नहीं किया गया उनमें तेजी लाने के निर्देश दिये। वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु ग्राम में सुनवाई कर निर्णित करने के निर्देश दिये गये है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज कलक्ट्रेट सभाकक्ष में चकबन्दी विभाग की बिन्दुवार समीक्षा कर रहे थे। जिलाधिकारी ने रिट याचिकाओं की पैरवी करते हुए स्थगन को समाप्त कराते हुए चकबन्दी प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री मनीष बंसल ने उप संचालक चकबन्दी एंव बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया कि प्रगति समीक्षा लगातार करते रहे और जो भी अधिकारी व कर्मचारी शिथिलता



बरत रहे है, उनके प्रति अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें। अगली बैठक से पूर्व इस तथ्य से अवगत कराये कि मानक कारगुजारी के अनुसार कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं। चकबन्दी कार्यों की गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया तथा जन शिकायतें कम प्राप्त हो, इसके लिए जनसूचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने के लिए निदेश दिये गये। उल्लेखनीय है कि जनपद में इस वित्तीय वर्ष में 24 ग्राम चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत है जिनमें 03 ग्रामों का प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा धारा 52(1) के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है। वर्तमान में 21 ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया संचालित है जिसमें लक्ष्य के अनुसार कार्य किये जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उप संचालक चकबन्दी अशोक कुमार सिंह व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी राजेश कुमार देवरार, सहायक चकबन्दी अधिकारीगण अमरीश कुमार, जरनेल सिंह, धीरज कुमार, तीर्थपाल उपस्थित रहें।


## कार्यालय पथ प्रकाश अनुभाग, नगर निगम, सहारनपुर।

पत्रांकः- 196/प०प्र०अनु०/ न०नि०सहा०/2025-26 दिनांक 19/8/2025

-: ई-निविदा सूचना द्वारा :-

नगर आयुक्त महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 02.09.2025 से 04.09.2025 तक गोगा म्हाडी पर साज सज्जा का कार्य एवं मेला गुघाल अवधि दिनांक 02.09.2025 से दिनांक 24.09.2025 तक समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में चिन्हित स्थलों पर विद्युत सजावट का कार्य (जनरेटर डीजल सहित) की प्रकाश व्यवस्था के कार्य हेतु दिनांक 25.08.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक वेबससाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम सें (टैक्निकल /फाईनेन्शल) ऑन लाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, टैण्डर मूल्य, एवं धरोहर राशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही ऑन लाईन के गाध्यग रो जगा की जाएगी। पेन नम्बर, जी०एरा०टी०, तथा निविदा प्रपत्र गें उल्लखित राभी शर्तों गें गांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाईन टैक्निकल बिट में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने व स्पष्ट अपलोड न होने की स्थित में निविदा निरस्त कर दी जाएगी, जिस हेतु क्लेम मान्य नहीं होगा। ऑन लाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 25.08.2025 को समिति एवं उपस्थित निनिदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्तें, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in उपलब्ध है। यदि निविदा के संबंध में कोई भी Corrigendum निर्गत किया जाना होगा तो इसकी सूचना ई-टैण्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड की जाएगी। इसके लिए अलग से कोई सूचना सूचना समाचार पत्र में नहीं निकाली जाएगी।

| | |
|---|---|
| E-Bid REFERENCE | E497500 |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 20-08-2025 |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids | 25-08-2025 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ONLINE TECHNICAL E-Bids | 25-08-2025 at 3:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-Bids | Nagar Nigam Office (Sre) |
| E-Bid SECURITY | 80000.00 (online) |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%=590/-Online (अप्रतिदेय) |

पथ प्रकाश प्रभारी
नगर निगम सहारनपुर


# सख्ती से कराया हेलमेट नहीं तो पैट्रोल नहीं नियम का पालन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एसएसपी आशीष तिवारी के आदेश पर क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिस टीम ने दो पहिया वाहनों के लिये हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं नियम का सख्ती से पालन कराया गया।

मंगलवार को स्थानीय पुलिस की निगरानी के चलते समस्त क्षेत्र में ज्यादातर दो पहिया वाहन चालक अपने सिर पर हेलमेट लगाकर वाहन चलाते नजर आए। एसएसपी के आदेश पर आज चिलक. ाना क्षेत्र के निम फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप कातला, श्री श्याम फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पटनी, लक्ष्मी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप चिलकाना, पेट्रोल पंप पठेड, पेट्रोल पंप टोडरपुर आदि पेट्रोल पंपों पर दो पहिया वाहनों के लिए स्थानीय पुलिस की निगरानी में हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं नियम का सख्ती से पालन कराया गया।

जिसके चलते सभी पेट्रोल पंप पर हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन चालको को ही पेट्रोल दिया गया, बिना हेलमेट पहने चालको के वाहनों को किसी भी पेट्रोल पंप से पेट्रोल नही दिया गया। पुलिस को पेट्रोल पंप पर खड़ा देख बिना हेलमेट दोपहिया वाहन दौड़ाने वाले कुछ चालक तो पेट्रोल पंप के बाहर से आगे दौड़ते हुए नजर आए।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र आशीफ व पुत्रवधू श्रीमति रूबी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति तमन्ना पत्नि स्व. असलम निवासी निकट फात्मा मस्जिद, ग्राम व थाना गागलहेडी, तहसील व जिला सहारनपुर।**



**सूचना**

मैने अपने पुत्र शहीद को गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मंजूर पुत्र नानू निवासी मौहल्ला कोठीवाला सुलतानपुर, थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर।**



**सूचना**

मैने अपना नाम Nakur Garg से बदलकर Ankur Garg रख लिया है भविष्य मे मुझे Ankur Garg के नाम से ही जाना जाये ।

Ankur Garg S/O Shiv Kumar Garg निवासी 6/154 जवाहर पार्क सहारनपुर 247001 उ.प्र. ।


# भजनों से वातावरण बना कृष्णमय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** वंदेमातरम् राष्ट्र सेविका समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजनों की मधुर गूंज से संपूर्ण वातावरण कृष्णमय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्षा शालू चौधरी, सचिव खुशी नागपाल व कोषाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल द्वारा गणेश जी और श्रीकृष्ण भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात मंगलाचरण एवं गणेश वंदना द्वारा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। अध्यक्षा ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों तथा आज के समाज में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद भजन संध्या एवं कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें समिति की सदस्यों ने समूह गायन के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर गूंज से संपूर्ण वातावरण कृष्णमय हो उठा। राधा-कृष्ण नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्लोक पाठ ने सभी को श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप का स्मरण कराया। समापन भव्य आरती के साथ किया गया। जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रुचि, ऋतु, निकिता, अंशुल, नीरज, रीता, सपना, मोनिका आदि मौजूद रहे।

## सम्मानित किया

**सहारनपुर।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार आयोजित कार्यक्रम में 25 वर्षों से अधिक वरिष्ठ अधिवक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन राज्य कर विभाग विजय आनंद पांडे ने कहा कि विभाग में अधिवक्ता एक दूसरे के पूरक हैं। आपस में सामंजस्य बनाकर ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया है कि विभाग अधिवक्ताओं के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करते हुए उनके कार्यों को प्राथमिकता पर करेगा। साथ ही अधिवक्ता भी विभाग को सहयोग करें ताकि आपसी सामंजस्य बना रहे।

# शिक्षक विकास पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन विभाग द्वारा शिक्षक विकास पर आधारित साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रत्येक सप्ताह चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला में गंगोह व इसके आस पास के क्षेत्र से लगभग 14 स्कूलों से 40 से अधिक शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह, स्कूल ऑफ एजुकेशन विभाग के डीन एंड हेड प्रो. डॉ. प्रशांत कुमार ने मां सरस्वती व बाबू विजेंद्र कुमार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यशाला में डीन एंड हेड ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी दक्षता प्रदान करना तथा डिजिटल उपकरणों और नवाचारों के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाना है। यह कार्यशाला शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करती है, जिससे वे समयानुकूल शिक्षा प्रणाली में सार्थक योगदान दे सकें और नीति के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदार बन सकें। इस कार्यशाला में प्रत्येक सप्ताह चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। आगे उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के समापन पर सभी शिक्षक प्रतिभागियों को एक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रथम सत्र का शुभारंभ सोमवार को किया गया। जिसका विषय एनईपी 2020 के परिप्रेक्ष्य एवं कौशल-आधारित शिक्षा रहा। कार्यशाला में गंगोह व इसके आस पास के क्षेत्र से लगभग 14 स्कूलों से 40 से अधिक शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल रही। कार्यशाला का उद्देश्य



शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल जैसे कि संप्रेषण, समस्या-समाधान, रचनात्मकता, सहयोग एवं आलोचनात्मक चिंतन का विकास करने की समझ को परिपक्व बनाना रहा। कुलपति व कुलसचिव ने कार्यशाला के आयोजकों व उपस्थित विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों को अनेक शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों की दक्षताओं और क्षमताओं को उन्नत करने, स्व-अध्ययन, सहकर्मी सहयोग और मूल्यांकन की संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु नई ऊर्जा प्रदान होगी।

इस अवसर पर प्रो. डॉ. राजीव दत्ता, डॉ. सोमप्रभ दुबे, राम जानकी यादव, बलराम टाँक, रितु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पतंग उड़ा रहे बालक की छत से गिरकर मौत, मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में छत पर पतंग उड़ा रहे बालक का पैर फिसल गया। पैर फिसलने से बालक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बालक को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान बालक की दुखद्द मौत हो गई। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में बालक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी साबिर का 11 वर्षीय पुत्र अकमल पड़ोस के ही अनवर के मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाते समय बालक का पैर



फिसल गया और बालक छत से नीचे गिर गया। छत से नीचे गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों ने बालक को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में बालक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया है। पीड़ित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहावडी निवासी 35 वर्षीय अनिरूद्ध मलिक पुत्र ओमकार सिंह गत 17 अगस्त को अपनी बाइक पर सवार होकर शामली से अपने गांव बहावडी जा रहा था। जब वह काबडीत पुल के निकट पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल अनिरूद्ध मलिक को घायल अवस्था में शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए मेरठ रेफर कर दिया गया था। गत रात्रि करीब 11:30 बजे अनिरूद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा सौदान पुत्र नहार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## जानलेवा हमले में पुलिस कर रही छानबीन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के भिक्की मोड़ पर दो दिन पूर्व युवकों के दो गुटों में जमकर धारदार हथियार चले थे, जिसमें एक युवक वंश जटराणा धारदार हथियारों से हमला होने पर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि दूसरे पक्ष के अक्षय जटराणा भी मेडिकल कराने के लिए पहुंचा था। मंगलवार को शहर कोतवाली पुलिस ने अनुज कुमार द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। अनुज कुमार ने बताया कि गत 17 अगस्त को उसका पुत्र वंश राणा खेडीकरमू से शामली मार्किट में सामान खरीदने के लिए आया था। रास्ते में अक्षय फुगाना पुत्र मदनपाल निवासी फुगाना व कुंज शर्मा निवासी शामली ने अपने 4-5 अज्ञात साथियों के साथ रोक लिया और जान से मारने की नियत से एक राय होकर चाकुओं से हमला कर पुत्र को घायल कर दिया। पुत्र की हालत नाजुक होने के कारण मेरठ रेफर किया गया। जिसका ईलाज चल रहा है।

# तमंचा व तलवार के साथ फोटो वायरल के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में बाइक से पटाखे छोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग करते हुए धारदार हथियारों से हमला किया था। पीड़ित पूर्व प्रधान ने डीआईजी सहारनपुर को पत्र सहित सबूत देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में धारा बढ़वाए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले में दोनों ओर से दर्जनों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया था।

थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में शुभम, सागर, लक्ष्य, टीटू, नीरज ओर विनीत सहित अन्य युवक एक माह पहले डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। उक्त युवक बाइक लेकर जैसे ही संजय के मकान के पास पहुंचे, तो आरोप है कि उक्त युवक अपनी-अपनी बाइकों से पटाखे छोड़ने



लगे। पीड़ित ग्रामीण संजय के विरोध करने पर आरोपियों ने अपने परिवार. जनों के साथ मिलकर पीड़ितों पर हमला कर दिया था। जिसमें दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए थे। झगड़े में आरोपियों की ओर से धारदार और अवैध हथियारों से हमला किया था। झगड़े में दोनों ओर से दर्जनों लोग घायल हो गए थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आरोप है कि पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया था। पुलिस ने घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, ओर उपचार के बाद दोनों ओर से दर्जनों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया था। पुलिस ने मामले में पूर्व प्रधान सतीश कुमार की तहरीर पर उक्त आरोपियों के के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से आरोपियों के तलवार ओर तमंचे चलाते हुए फोटो ओर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। जिसके बाद से पीड़ित पक्ष लगातार पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में धारा बढ़वाए जाने की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि पुलिस ने मामले में सबूत देने के बाद भी धारा नहीं बढ़ाई है। मंगलवार को पीड़ित पूर्व प्रधान सतीश कुमार ने डीआईजी सहारनपुर को पत्र ओर आरोपियों के तमंचे ओर तलवार चलाते हुए फोटो ओर वीडियो सहित मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट भेजते हुए मुकदमे में धारा बढ़वाए जाने की मांग की है। एएसपी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि घटना के संबंध में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विभागीय अधिकारियों की जल्द तय होगी जवाबदेही: डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में जिलाधिक. ारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों कार्यों





की समीक्षा करते हुए पंचायती राज विभाग, एनआरएलएम, जल निगम, फैमिली आईडी, बेसिक शिक्षा विभाग की संतोष जनक प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए साथ ही चेतावनी दी गई। बैठक में जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता द्वारा अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश के साथ ही अधिशासी अभियंता जल निगम को भी कारण बताओं नोटिस के निर्देश दिए। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों को गति देते हुए समय सीमा के तहत पूरा करने के निर्देश दिए। विकास कार्यों की समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए, लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को प्लान बनाकर एसडीएम के साथ चेकिंग कर कार्यवाही के निर्देश दिए। समीक्षा में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन लोगों ने किस्त प्राप्त कर ली है और मकान निर्माण शुरू नहीं किया है उनसे रिकवरी के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश के साथ ही शिकायतकर्ता का फीडबैक भी प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, अपर जिला. धिकारी द्धवि0/रा0द्ध, शामली, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, जिला अर्थ एवं संख्या अधिक. ारी ज्योति प्रजापति सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिला मंडल प्रदेश स्तरीय चयन ट्रायल्स का निर्धारित कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अश्वनी कुमार त्यागी, उप क्रीडा अधिकारी, शामली ने बताया कि खेल निदेशालय के तत्वाधान जिला खेल कार्यालय शामली द्वारा राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन की ओर से शासन द्वारा अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जिसके तहत वर्ष 2025-26 में निर्धारित खेलों में आयोजित होने वाली जिला/मण्डल/प्रदेश स्तरीय सिविल सर्विरोज चयन ट्रायल कार्यक्रम निर्धारित तिथियों में प्रायः 10 बजे से निम्नानुसार आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय चयन ट्रायल दिनांक 21 अगस्त 2025 में शहीद उद्यम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम शामली इसके अलावा मंडल स्तरीय चयन ट्रायल दिनांक 25 से 26 अगस्त 2025 सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष के निर्धारित खेलों की जिला मण्डल स्तरीय सिविल सर्विरोज टीमों के चयन हेतु यह प्रक्रिया अपनाई जाएगी कि फिजिकल टेस्ट में खिलाड़ी को कम से कम 14 अंक प्राप्त करने होंगे तब ही वह खिलाड़ी स्किल टेस्ट देने का पात्र होगा।

### जिला पंचायत की बैठक 30 को

**शामली।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, शामली ने बताया कि अध्यक्ष, जिला पंचायत शामली के आदेशानुसार जिला पंचायत की बैठक 30.8.2025 को दोपहर 12:30 बजे कार्यालय जिला पंचायत, शामली के सभागार में मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत शामली की अध्यक्षता में आहुत की जाएगी।

### किसान दिवस का आयोजन आज

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा जनपद शामली के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों, कृषक संगठनों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि किसान दिवस का आयोजन 20. 8.2025 दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से मुख्य विकास अधिकारी/ जिलाधिकारी, शामली की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार गोहरनी (शामली) में आयोजित किया जाएगा। उनके द्वारा समस्त सम्बन्धित से अनुरोध किया गया है कि वह आयोजित होने वाले किसान दिवस में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### लोक अदालत 13 सितंबर को



**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.9.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज बैठक आहुत की गई, जिसकी अध्यक्षता मती सीमा वर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पोक्सो शामली नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली द्वारा की गई, जिसमें, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली प्रतिभा तथा प्रभागीय वनाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारी, व जिला दिव्यांगजन अधिकारी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

### टॉल प्लाजा कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** इंडियन एक्स सर्विस लीग के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर मेरठ जिले के भूनी टॉल प्लाजा कर्मियों द्वारा सेवारत सैनिक के साथ अमानवीय व्यवहार और जानलेवा हमले की घटना में कार्यवाही की मांग की। मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उपरोक्त टॉल प्लाजा पर ऑपरेशन सिन्दूर का हिस्सा बन दुश्मन देश पर विजय प्राप्त कर छुट्टी आए हुए एक सैनिक को अपराधिक संगठन गिरोह की तरह टॉल प्लाजा कर्मियों द्वारा मारा पीटा गया। इस घटना को देखकर लगता नहीं कि अपराधियों में भय है। न केवल ऐसी घटना ने एक सैनिक के मनोबल को गिराकर उसे कमजोर किया है। अपराधियों से प्रताड़ित एक सैनिक किस मनोबल से दुश्मन का सामना करेगा। पूरे विश्व में मिडिया के माध्यम से प्रशासन की थू-थू हो रही है। एक अपराधिक समूह ने एक सैनिक के बाजुओं को खम्भे लिपटाकर पकड़ा हुआ और अन्य उसे लाठी डंडों से मार रहे हैं। उन्होंने मांग की कि टॉल कम्पनियों को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट कर अकल्पनीय आर्थिक दण्ड के साथ घटना में शामिल सभी अपराधियो को सख्त से सख्त दण्ड दिया जाए।

### जस्टिस फॉर मनीषा: इस्लामपुर घसौली में निकाला कैंडल मार्च

**कांधला।** हरियाणा राज्य के भिवानी जिले में हुए शिक्षिका मनीषा हत्याकांड की गूंज उत्तर-प्रदेश के शामली जनपद में भी पहुंच गई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में ग्रामीणों के द्वारा मनीषा हत्याकांड के विरा. ध में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने हाथों में मोमबत्तियां व जस्टिस फॉर मनीषा के पोस्टर लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने मनीषा के हत्यारों को फांसी पर लटकाए जाने की मांग की। साथ ही, हरियाणा व भारत सरकार से बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कड़े कानून बनाए जाने का अनुरोध किया। इस मौके पर राधे स्वामी, प्रेम सिंह, नरेश स्वामी, अंकुर बैरागी, डॉ. गोविंद स्वामी, रामभजन, अशोक बैरागी रहे।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हुआ चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज कॉलेज के छात्र सागर ने गत 18 अगस्त को आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी जनपद सहारनपुर के राजकीय इंटर कॉलेज में प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र ने आगामी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

मंगलवार को छात्र के कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, नंदकुमार कंसल तथा प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने छात्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान रटने का विषय नहीं है अपितु समझने का विषय है और छात्र ने अपनी प्रतिभा से इसको सिद्ध कर दिया है। छात्र ने



अपने कॉलेज के साथ -साथ जनपद शामली का भी नाम रोशन किया है। बताया कि अब यह छात्र प्रयागराज में राज्य स्तर पर होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में 12 सितंबर को विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा और अपनी विज्ञान प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, मनोज भारद्वाज, मनोज शर्मा, राहुल सिंघल, सचिन सिंघल, साकेत निर्वाल आदि मौजूद रहे।

## ऊंचागांव के अग्निवीर नितिन प्रजापति की हृदयघात से मौत

**कैराना।** ऊंचागांव निवासी सतीश प्रजापति का पुत्र नितिन प्रजा. पति (20) इसी वर्ष अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हुआ था। युवक का विगत चार माह से मध्यप्रदेश के जनपद सागर में सेना का प्रशिक्षण चल रहा था। बताया गया है कि विगत सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान युवक नितिन की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिस पर उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत का कारण हार्टअटैक बताया जा रहा है। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वह युवक का शव लाने के लिए मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गए। युवक की मौत से जहां परिजनों के ऊपर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## समस्याओं का निराकरण हो

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की। मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों को अनेकों गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसके बारे में अधीक्षण अभियंता शामली को मौखिक रूप से व लिखित रूप से अवगत करा दिया गया था परंतु विभाग द्वारा संविदा कर्मचारियों की किसी भी समस्या का न तो निराकरण किया जा रहा है और न ही उनकी समस्याओं के समाधान के बारे में कोई कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि जनपद शामली के संविदा कर्मचारियों का वेतन समय से प्राप्त नहीं हो पा रहा है कुछ कर्मचारियों का वेतन तो पिछले दो माह से रुका हुआ है। बिना किसी पूर्व सूचना के संविदा कर्मचारियों की नौकरी खत्म कर दी गई है जो की नियम विरुद्ध है। बताया कि पहले तो विभाग के अधिकारियों द्वारा इन संविदा कर्मचारियों से पूरे महीने कार्य करा लिया गया और फिर जब इनका वेतन देने का समय आया तो इन्हें नौकरी से हटा दिया गया। विद्युत संविदा कर्मचारियों की छटनी का क्या कारण है इस सवाल का जवाब आज तक नहीं दिया गया। नई कंपनी का टेंडर हुए लगभग दो माह से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन कंपनी द्वारा सुरक्षा संबंधी कोई उपकरण नही दिए। कंपनी द्वारा संविदा कर्मचारियों को आईडी कार्ड व ईएसआई कार्ड उपलब्ध नहीं कराए गए है। इस अवसर पर काशिफ, यशवीर सिंह, रविन्द्र कुमार, ललित कुमार, रामफूल सैनी, रवि पाल आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में रिश्वत लेते हुए गार्ड पकड़ा गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिला अस्पताल में एक गार्ड सीटी स्कैन के नाम पर महिला मरीज के पुत्र से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। मामला सीएमएस के समक्ष पहुंचने पर संज्ञान लिया गया और पीड़ित मरीज के पैसों का वापस कराया गया। वहीं सीएमएस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गार्ड को तत्काल ओपीडी से हटा दिया है और सेवाप्रदाता को पत्राचार करते हुए गार्ड की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए है।

कैराना क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी मोईन अपनी माता रिजवाना को लेकर गत सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचा था। जहां चिकित्सकों ने सिटी स्कैन लिखा था, लेकिन सोमवार को माता रिजवाना का सिटी स्कैन नहीं हो सका तो वहां तैनात एक गार्ड अनुभव ने 500 रूपये की डिमांड करते हुए सिटी स्कैन कराने का आश्वासन दिया।

आरोप है कि मोईन के साथ मौजूद एक अन्य युवक द्वारा गार्ड को 500 रूपये दे दिए गए और मंगलवार को आकर सिटी स्कैन कराने का भरोसा दिलाया। मंगलवार को मोईन अपने माता के साथ जिला अस्पताल पहुंचा, लेकिन उसका सिटी स्कैन नहीं हो सकता, जिसके बाद मोईन ने मामले की शिकायत सीएमएस डा। किशोर आहूजा से की तो उन्होंने मामले में तुरंत संज्ञान लिया।

सीएमएस ने गार्ड को मौके पर बुलाकर जांच पडताल की और मरीज के रूपयों को वापस कराया। साथ ही तुरंत मरीज का सिटी स्कैन भी कराया गया। सीएमएस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गार्ड को



तत्काल ओपीडी से हटा दिया है और सेवाप्रदाता को पत्राचार करते हुए गार्ड की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल में सिटी स्कैन, व खून की जांच के नाम पर आए दिन रूपये लेने की शिकायते सामने आती रहती है, जिस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

## जनपदीय स्काउट-गाइड की बैठक सम्पन्न

**शामली।** भारत स्काउट एवं गाइड जनपद शामली की जिला कार्यकारिणी की साधारण बैठक मंगलवार को विकास भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ एवं जिला मुख्यायुक्त विनय कुमार तिवारी ने की। बैठक में नवनियुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार तथा सीडीओ का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ से निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। यूनिट पंजीकरण, नवीनीकरण, अंशदान, प्रादेशिक परिषद के आजीवन सदस्य बनाने, तृतीय सोपान शिविर, राज्य पुरस्कार, बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली आदि के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। साथ ही वार्षिक बजट 2025-26 एवं ऑडिट रिपोर्ट पर भी विचार किया गया। बैठक में आगामी 19वीं राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले डायमंड जुबली जम्बूरी, जो 23 से 29 नवंबर 2025 तक लखनऊ में आयोजित होगी, के लिए विद्यालयों से छात्र-छात्राओं की सहभागिता पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को अधिकार-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कैप्टन लोकेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, गीता रानी को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र भी भेंट किए गए। बैठक में डॉ. प्रतिभा सैनी, हरविंदर सिंह, अभिषेक शर्मा, रविंद्र कुमार, कुलदीप सिंह, डॉ. नीरा, अंकित कुमार, पूनम तोमर, अनिल कुमार, विनोद वर्मा मौजूद रहे।

# एसपी ने नशामुक्ति केंद्रों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर ले जाने के लिए एसपी रामसेवक गौतम ने देर रात्रि शहर के नशा मुक्ति केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्र की सुरक्षा, स्वच्छता, भोजन, औषधि प्रबंधन एवं काउंसलिंग व्यवस्था की जांच की।

सोमवार देर रात्रि एसपी रामस. ेवक गौतम ने मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्र की सभी व्यवस्थाओं का




गंभीरता से परीक्षण किया तथा केन्द्र में उपचाररत व्यक्तियों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशामुक्त जीवन अपनाने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया। एसपी ने नशा मुक्ति केन्द्र की सुरक्षा, स्वच्छता, भोजन, औषधि प्रबंधन एवं काउंसलिंग व्यवस्था की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उपचाररत लाभार्थियों को यह बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।

## अग्रवाल मित्र मंडल ने रेलवे बोर्ड अधिकारी को सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अग्रवाल मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने रेलवे बोर्ड निर्माण अधिकारी एससी जैन को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर दिल्ली-शामली रेलमार्ग को जीवन रेखा बताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को रेलवे बोर्ड



निर्माण अधिकारी एससी जैन दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि ज्ञापन में मुख्य रूप से रेलमार्ग के दोहरीकरण के लिए फंड जारी करने, व्यस्त गाड़ियों में शाम के समय टिकट चेकिंग बढ़ाने, रेलवे में शराब व धूम्रपान करने वालों पर आधार लिंक कर पाबंदी लगाने, टिकट बिक्री को डिजिटल व सस्ता करने, गाड़ियों में साफ-सफाई की मॉनिटरिंग, कांधला स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज व अप्रोच रोड निर्माण, लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन, मेला एक्सप्रेस 04413/04414 को नियमित करने, कासिमपुरखेड़ी एक्सप्रेस को शामली तक बढ़ाने और उदयपुर-ऋषिकेश एक्सप्रेस को सप्ताह में सात दिन चलाने की मांगें शामिल रहीं। पदाधिकारियों का कहना है कि इन मांगों पर अमल होने से दिल्ली-शामली रेलमार्ग से जुड़े लाखों यात्रियों को राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर मित्र मंडल के सचिव अनुज बंसल, समाजसेवी आकाश गोयल आदि मौजूद रहे।

# देहात विधानसभा में विकास की बेहद जरूरत: आशु मलिक

## सपा विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में उठाये जनहित के मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में देहात विधायक आशु मलिक ने ग्राम विकास विभाग के अधीन सडक निर्माण कराये जाने के संबंधी मुद्दों को उठाकर उनके निस्तारण की मांग की।

बैठक में विधायक आशु मलिक ने कहा कि विकास खंड बलियाखेडी के ग्राम उमाही में पुराना पागलखाने से लेकर ग्राम कोटा वाजिदपुर संपर्क तक पेन्टिड कार्य कराया जाना आवश्यक है, क्योंकि यह मार्ग पुराना खडंजा है और इसका अधिकांश भाग अधिक क्षतिग्रस्त है। उन्होंने जिला पंचायत वार्ड 4 में बढेडी घोघू में बुडढाखेडा सडक से लेकर चंद्ररूप प्रधान के खेत तक तथा राजसिंह के खेत से पदयुम के खेत तक खडंजा व सीसी निर्माण, वार्ड नंबर 47 कुतुबपुर कुसानी में आमिर के खेत से जुनैद के खेत तक खंडजा नाली निर्माण, वार्ड नं 5 बेहडा कला में सुरेंद्र के खेत से तालाब तक नाला निर्माण, पवन के खेत से म्हाडी तथा कुशलपाल के खेत से प्रवीण के बाग तक तक सीसी निर्माण, वार्ड 43 में भलस्वा भटटे से कुराली की ओर त्यागी के बाग तक, उमाही में आशु वकील के खेत से मेहरबान के प्लाट तक, मडकी में मेन रोड से सोनू त्यागी के खेत तक, बडूली में बालेश्वर त्योगी के खेत से अजेंद्र के टयूबवैल तक सीसी निर्माण, ब्लाक पुंवारका के ग्राम हौजखेडी के थरौला राजवाहे से हौजखेडी माइनर के पटरी से अली रजा के खेत तक, ग्राम कुराली में रोशन के घर टहर सिंह के डेरे तक, ग्राम निवादा तिवाया में मास्टर भूप के टयूबवैल से जगदीश के बाग तक, ग्राम छाछरेकी में फुरकान के टयूबवैल से इस्लाम के खेत तक, ग्राम सैद मौहम्मदपुर में मेन रोउ से मुस्तकीम के खेत तक, ग्राम उमायूं में पागलखाने से कोटा को जोडती सडक, ग्राम खतौली लिंक मार्ग रणवीर के खेत से इकबाल के खेत तक खडंजा निर्माण, ग्राम बुडढाखेडा अहीर में योगेंद्र के मकान से श्याम कुमार रामकुमार के मकान तक, चौरादेव में खेमचंद्र के खेत कालू सरपंच के खेत तक, ग्राम गंडौला में रहतू के घर से माता के थान तक, ग्राम मुगलमाजरा में हाजी इरफान के खेत से इंतजार के खेत तक खडंजा व सडक निर्माण तथा ग्राम कैलाशपुर में खुदाना जौहर गप्पन रोउ से माजरी की ओर नाला निर्माण की मांग की। इसके अलावा उन्होंने वार्ड 40 कोटा में मडकी कोटा भारापुर मार्ग से सोनू त्यागी के खेत तक, वार्ड 42 में मल्हीपुर में मेन रोड से कब्रिस्तान तक, वार्ड 49 चंद्रौली में गंजन के पुल से रामसिंह कश्यप के मकान तक, वार्ड 4 बढेडी घोघू में करेशन के खेत से गुलाब के खेत तक, वार्ड 47 हरौडा में मेन रोउ से पूर्व प्रधान विनय के खेत तक, वार्ड 49 में बटटनवाला से चमारीखेडा तक, मक्काबांस सर्किट हाउस से मुस्तकीम एडवोकेट के मकान तक सीसी सडक निर्माण कराने की मांग की।




देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि ग्राम दाबकी गुर्जर में सितरा वाली तालाब से पुरोली राजवाहे के पुल से होते हुए शमशान घाट तक की सडक अत्याधिक जर्जर हो गई है। जिस कारण आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है। बरसात के दिनों में स्थिति ओर गंभीर हो जाती है। इसलिये इस मार्ग का निर्माण जरूरी है।

# शोभायात्रा में शामिल झांकियों, अखाड़ों व कीर्तन मंडलियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शामिल झांकियों, अखाड़ों व कीर्तन मंडलियों को प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



श्री पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर के निकट रात नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सम्मान पत्र भेंट करने के उपरांत कहा कि यह धार्मिक शोभायात्राएं हमारी धरोहर हैं। उन्होंने सभी लोगों से धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में शोभायात्रा में शामिल झांकियों, अखाड़ों, कीर्तन मंडलियों व कलाकारों को अध्यक्ष मनोज सिंघल व महामंत्री इस्हाक बाले खां ने सम्मानित किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, राजेश गुप्ता, विनित जैन, अंकित जैन, वरुण गर्ग, पंकज गंभीर, गुरजोत सिंह सेठी व पुनीत बंसल आदि रहे। उधर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भी शोभायात्रा में शामिल झांकियों, अखाड़ों, कीर्तन मंडलियों व कलाकारों को प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन अध्यक्ष विवेक तायल व महामंत्री राजेश सिंघल ने कहा कि संगठन पूरे वर्ष हर धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेता है। संदीप शर्मा, राजेश अजमानी, रोबिन अग्रवाल, रोहित गर्ग, नीरज जैन, डॉ. राहुल वर्मा, अंशुल वर्मा, सचिन शर्मा, शिवम तायल आदि संगठन के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

# मॉब-लिचिंग मामले में आईजी से मिले उमर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखंड में छुटमलपुर के व्यक्ति के साथ हुई मॉब लीचिंग की घटना के विरोध में बेहट विधायक उमर अली खान ने आईजी देहरादून से मिलकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

बता दे कि करीब 4 दिन पहले बेहट विधानसभा के कस्बा छुटमलपुर निवासी रिजवान मलिक के साथ ऋषिकेश के धराली में कुछ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की। ढाडी पकड़ी जेब से सामान भी छीन लिया और उत्तराखंड पुलिस ने दोषियों के खिलाफ हल्की धाराओं में चालान कर अपना पल्ला झाड़ लिया। इस मामले में छुटमलपुर कस्बा के लोग बेहट विधायक उमर अली खान से मिले।

विधायक उमर अली खान ने कहा कि वह आज देहरादून में आईजी से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ मॉब लीचिंग, लूट व जान से मारने की कोशिश आदि धाराओं में मुकदमा करने की बात की। आईजी ने दोषियों के खिलाफ ठोस कदम उठाते हुए 2 दिन का समय मांगा और कहा कि दोषी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जायेंगे।

## स्मैक समेत धरा

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने हाइवे के निकट हरोडा कट से नशा तस्कर अभियुक्त को 13.04 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। जबकि पुलिस ने कैलाशपुर से दो वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।


एसओ प्रवेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार दोपहर पुलिस टीम ने हाइवे के निकट हरोडा कट से चौकिंग के दौरान नशा तस्कर अभियुक्त आबिद उर्फ काना पुत्र सईद उर्फ शाहिद निवासी ग्राम मक्काबांस को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 13.04 ग्राम स्मैक बरामद हुई। अभियुक्त ने बताया कि वह अवैध स्मैक की खरीद फरोख्त का धंधा काफी समय से कर रहा है । गागलहेडी क्षेत्र और जनपद सहारनपुर के आसपास के क्षेत्रो मे नशा करने वाले लोगो व हाईवे पर स्थित ढाबो पर आने जाने वाले ट्रक ड्राईवरो को अच्छे दामो मे बेच देता हूँ।

# सरकार ने माना, नहीं आ सका अपेक्षित निवेश

## एफडीआई में उदारीकरण के बावजूद रक्षा क्षेत्र में निवेश नगण्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकसभा में सांसद इमरान मसूद के सवाल पर सरकार के जवाब ने चौंकाने वाला तथ्य उजागर किया कि रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश का हिस्सा नाममात्र 0.004 प्रतिशत ही रहा है। सरकार ने संसद में माना कि बीते वर्षों में एफडीआई उदारीकरण के तहत रक्षा क्षेत्र में सीमा 74 प्रतिशत तक बढ़ाई गई लेकिन इसके बावजूद अपेक्षित निवेश नहीं आ सका। यह स्थिति उस समय और गंभीर मानी जा रही है जब देश श्आत्मनिर्भर भारतश के नारे के साथ रक्षा उत्पादन में बड़ी छलांग लगाने की बात कर रहा है।



सांसद मसूद ने लोकसभा में सवाल उठाया था कि क्या सरकार ने एफडीआई का 100 अरब डॉलर वार्षिक लक्ष्य हासिल करने के लिए ठोस रणनीति बनाई है, किन कारणों से 2024 में निवेश में गिरावट आई और रक्षा, बीमा तथा दूरसंचार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में उदारीकरण के बावजूद निवेश क्यों नहीं बढ़ सका।

जवाब में राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने स्वीकार किया कि एफडीआई निवेश में वैश्विक मंदी और भू-राजनीतिक संकटों के कारण गिरावट दर्ज की गई। सरकार ने बीमा और दूरसंचार क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई निवेश की अनुमति देने के बावजूद 2024.25 में बीमा का हिस्सा केवल 9.85 प्रतिशत और दूरसंचार का 1.49 प्रतिशत ही रहा। सबसे चिंताजनक स्थिति रक्षा क्षेत्र की रही जहां भारी उदारीकरण के बावजूद नाममात्र 0.004 प्रतिशत निवेश आया। यह स्थिति बताती है कि सुधारों के बावजूद निवेशकों का भरोसा इन संवेदनशील क्षेत्रों में नहीं बढ़ पाया है।

सांसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन के अनुसार सांसद मसूद ने यह सवाल उठाकर यह स्पष्ट किया है कि सरकार निवेश सुधारों की घोषणाओं में तो सक्रिय है लेकिन परिणाम धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे। रक्षा क्षेत्र में यह स्थिति सीधे.सीधे सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाती है। अब सरकार को चाहिए कि एफडीआई नीतियों में पारदर्शिता और समयबद्ध रणनीति लाकर इन क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए।

# समस्या निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज कुल 09 समस्याएं आयी जिनमें से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि सात समस्याओं में स्ट्रीट लाईट ठीक कराने, गृहकर जलकर में नाम परिवर्तन कराने, पेड़ की कंटाई-छंटाई कराने व सेप्टिक टैंक की साफ सफाई आदि कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए जिनके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अपर नगरायुक्त मृत्युंजय व सहायक नगरायुक्त जेपी यादव ने निगम के अन्य अधिकारियों के साथ जनसुनवाई की। वार्ड 60 खाताखेड़ी के फुरकान ने हयात कॉलोनी फातमा मस्जिद के पास नाली की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 22 इसरार कॉलोनी के दिलशाद ने मस्जिद वाली गली में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर सम्बंधित क्षेत्र के सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी को भेजकर सफाई करा दी गयी।

इसके अलावा वार्ड 06 अहमद कॉलोनी के मुज्जकिर ने अहमद कॉलोनी में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर सफाई कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वार्ड 34 पंजाबी बाग के आदित्य ने हलवाई वाली गली में स्ट्रीट लाइट ठीक कराये जाने तथा वार्ड 66 एकता कॉलोनी के हाजी इंतेखाब ने फतेह मस्जिद के पास स्ट्रीट लाईट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर पथ प्रकाश प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# नवोदय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालयकी वार्षिक पत्रिका नवोदय प्रभात का विमोचन किया।



जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय की नवोदय प्रभात पत्रिका का प्रकाशन प्रथम बार किया जा रहा है। इसमें कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं दैनिक क्रियाकलापों का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं में रचनात्मक लेखों के प्रति रुझान उत्पन्न होगा और पत्रिका विद्यालय के गौरवमयी क्षणों को इतिहास बनाने में अपना योगदान देगी। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार ने पत्रिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी मूल रचनाओं को प्रस्तुत किया है। जिससे उनके सृजनात्मक प्रतिभा का विकास दिखाई देता है और विद्यालय की प्रगति को प्रदर्शित करता है। विद्यालय की उप प्राचार्य डॉक्टर अंजली ध्यानी ने पत्रिका विमोचन के अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि इस के माध्यम से छात्र-छात्राओं की सृजनात्मक कौशल एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती श्वेता पाण्डेय, संपादक टीम छात्र सदस्य मास्टर अंश पटवा, अपूर्वा चौहान छात्र संपादक एवं हिन्दी अध्यापक धर्मेन्द्र भी उपस्थित रहे।

# टाटा मैजिक की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** टाटा मेजिक की हुई टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

> गांव झबीरन निवासी अभिशेक त्यागी बाईक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव झबीरन निवासी लोन समूह में कार्यरत 35 वर्षीय अभिषेक त्यागी पुत्र लोकेश देर शाम बाइक पर सवार होकर खजूरी गांव से वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह देवबंद-भायला मार्ग स्थित नगर पालिका के डंपिंग यार्ड के समीप पहुंचा तो सामने से आ रही टाटा मेजिक से उसकी टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण अरविंद कुमार ने बताया कि अभिषेक लोन समूह में काम करता था और वह अपने घर में इकलौता बेटा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर ने बताया कि मृतक परिवार की ओर से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईटी व आईईएस के बीच महत्वपूर्ण करार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** क्षेत्र में फैल रही कैंसर जैसी भयनाक बीमारी की सतह तक पहुंचने की दिशा में आईआईटी रुड़की और आईईएस के बीच महत्वपूर्ण समझौता हुआ।



जनपद में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की और इमैजिनेशन एनवायरनमेंटल सॉल्यूशन के बीच तीन वर्षों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के अंतर्गत "भू-जल के नमूने की गुणवत्ता मूल्यांकन तथा 3000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले जल शुद्धिकरण संयंत्रों की स्थापना हेतु उपयुक्त स्थानो की पहचान" विषयक परियोजना पर कार्य किया जाएगा। यह परियोजना आईआईटी रुड़की के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में संचालित होगी।

ज्ञातव्य है कि सहारनपुर और आसपास के जिलों में हाल के वर्षों में कैंसर के मामलो में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। सहारनपुर में हिंडन नदी के आस पास व अन्य गांव में कैंसर से लगातार हो रही मौत व विभिन्न प्रकार के कैंसर, विशेष रूप से त्वचा, मूत्राशय और फेफड़ों का कैंसर, बल्कि गंभीर त्वचा संबंधी स्थितियां, तंत्रिका संबंधी लक्षण, जठरात्र संबंधी परेशानी से समय से पहले प्राण त्यागने के किए बच्चे बूढ़े व जवान सभी को मजबूर कर रही है। विशेषज्ञों का मत है कि इसका एक बड़ा कारण दूषित पेयजल हो सकता है।

इस समझौतेपर आईआईटी रुड़की की ओर से प्रोफेसर विवेक मालिक, प्रोफेसर साई रामुडु तथा प्रोफेसर अभिजीत मैती और इमेजिनेशन एनवायरनमेंटल सॉल्यूशनकी ओर से डॉ. एम. पी. सिंह तथा डॉ. अनिल कुमार ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर डॉ. आदित्य पांडे, डॉ प्रशांत सिंह, ललित वधावन एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# किसानों ने गन्ना भुगतान को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानो का बकाया गन्ना भुगतान सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौ. पहल सिंह के नेतृत्व में किसानों ने तहसीलदार पुष्पांकर देव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बजाज शुगर मिल गांगनौली किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नहीं कर रही है, जिसके चलते किसान आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

शासन प्रशासन स्तर पर भुगतान नहीं करने वाली मिलों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। यह भी कहा कि बेसहारा पशु किसानों की फसलों का नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन को बेसहारा पशुओं को गोशाला में भेजने की व्यवस्था करानी चाहिए। यह भी कहा कि शासन के आदेश के बाद भी तहसील कार्यालय में समय पर जमीन की दाखिल खारिज नहीं हो रही है। नकल मिलने में किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आसानी से नकल मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस मौके पर ईश्वरचंद आर्य, चौ. केहर सिंह, ईश्वर पाल सिंह, रणजीत सिंह व मोहम्मद उस्मान आदि किसान रहे।

## हाईटेंशन लाईन बदलवाने की मांग

**देवबन्द।** गांव लबकरी के ग्रामीणो ने एक्सईएन विद्युत को दिये पत्र में गांव के बीच से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन को बदलवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर हाईटेंशन लाइन के बार-बार टूटकर गिरती रहती है। मंगलवार को भी अचानक तार टूटकर नीचे गिरने से कई लोग इसकी चपेट में आने से बार बार बच गए। पत्र में कहा गया है कि पूर्व में एक महिला की विद्युत पोल गिरने से करंट की चपेट आकर मौत भी हो चुकी है। मांगपत्र देने वालों में प्रदीप, संजू, सुमित, आशीष, निखिल, संगीत, पंकज, विशाल, विश्वास व हिमांशु आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# क्विज में आदर्श को मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवाओं में एचआईवी एडस के प्रति जागरूकता हेतु युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




एसएएम इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ सीएमओ डा. प्रवीन कुमार व प्रधानाचार्य डा.अजय कुमार गुप्ता ने किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा.सर्वेश कुमार, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक डा.एम.पी. सिंह चावला, संदीप कुमार, रविंद्र कुमार ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया। क्विज में आदर्श कुमार ने प्रथम, संजू ने द्वितीय व मनन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 52 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। सीएमओ डा.प्रवीण कुमार व प्रधानाचार्य डा.अजय ने विजेताओं समेत सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर विद्यालय के नोडल अधिकारी पंकज कुमार शर्मा, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## आधा दर्जन वारंटी पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अभियान के तहत देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनिरीक्षक रामवीर कुमार शाक्य, उपनिरीक्षक सुदेश पाल व उपनिरीक्षक बबलू कुमार के नेतृत्व में दबिश के दौरान छह वारंटी आरोपियों अशोक पुत्र मातूराम व श्याम लाल पुत्र बाबूराम निवासीगण ग्राम लखनौता कला थाना देहात कोतवाली, रहमान पुत्र मुन्शाद निवासी ग्राम सलेमपुर भूखड़ी थाना कोतवाली देहात, जहूर पुत्र शकूर निवासी ग्राम देवला थाना देहात कोतवाली, दानिश पुत्र शफीक निवास मौहल्ला बड़ी तरफ शेखपुरा कदीम थाना देहात कोतवाली व निर्मल पुत्र बुद्धसिंह निवासी ग्राम कोलकी थाना देहात कोतवाली को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।

# मण्डलायुक्त ने ली स्वीकृति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय की अध्यक्षता में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक आयोजित की गयी।



बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अन्जू रानी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की संचालित औद्योगिक इकाईयों में आरके टेक्सटाइल्स, ग्राम-उग्राहू को 6,62,347 रूपये, आईएफ एसोसिएट्स, ग्राम-टीपरपुर, जनता रोड, को 12,29,687 रूपये तथा जनपद मुजफ्फरनगर की क्लाक्सा केमिकल्स, मुजफ्फरनगर को 30,42,624 रूपये, किरन ओर्गेनिक इण्डस्ट्रीज, भोपा रोड को 2,10,80,546 रूपये, हेरिटेज आर्गेनिक, भोपा रोड को 73,16,551 रूपये, तेजस रसायन, भोपा रोड को 23,50,837 रूपये तथा अमर स्पीनिंग, औद्योगिक क्षेत्र, कैराना, शामली को 61,48,554 रूपये आदि की ब्याज उपादान व नेट एसजीएसटी आदि की प्रतिपूर्ति की वित्तीय सहायता को स्वीकृति प्रदान की।

एमएसएमई नीति-2017 के अन्तर्गत प्रदेश में नवीन पूंजी निवेश के माध्यम से रोजगार सृजन करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन बढाने के उद्देश्य से इकाईयों को 05 वर्ष तक विविध मदों में जैसे- ब्याज उपादान, नेट एसजीएसटी, स्टाम्प ड्यूटी छूट आदि प्रोत्साहन नीति में प्राविधानित है।

बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अन्जू रानी, अपर जिलाधिकारी एफ, सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी एफ मुजफ्फरनगर, गजेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी शामली श्रीमती अर्चना शर्मा, उपायुक्त उद्योग सहारनपुर डॉ. बनवारी लाल, उपायुक्त उद्योग-मुजफ्फरनगर/शामली श्रीमती जैस्मिन, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्यकर-मुजफ्फरनगर, राजनाथ तिवारी, एलडीएम कृषनु दास, एलडीएम-मुजफ्फरनगर शिशिर त्रिवेदी, एलडीएम-शामली अनिल कुमार, यूपीकॉन, लखनऊ से नामित प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## सूर्यकुमार यादव कप्तान, शुभमन गिल उपकप्तान, जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए भारत के 15 सदस्यीय दल में शुभमन गिल को मौका दिया गया है। साथ ही वह टीम के उपकप्तान भी बनाए गए हैं। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद एशिया कप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है लेकिन गिल को उपकप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इस बात की उम्मीद थी कि भारत यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर को मौका दे सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आरसीबी के लिए हालिया आईपीएल में काफी कमाल की बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा तेज गें. दबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। अगर मध्य और निचले क्रम में बल्लेबाजी के विकल्प के बारे में बात की जाए तो दल में सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा हैं। अगर भारत गिल और अभिषेक से पारी की शुरुआत करता है तो जितेश को पहली पसंद विकेटकीपर के तौर पर उतारा जा सकता है। टीम में तीन ऑलराउंडर है, जिसमें अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे का नाम शामिल हैं। गेंदबाजी के विशेषज्ञ विकल्प के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा हैं। गिल की वापसी के संदर्भ में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने (शुभमन गिल) टीम की अगुवाई की थी। जब हम श्रीलंका गए तब वह उपकप्तान थे। इसके बाद हम टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त हो गए लेकिन उनकी वापसी हमारे लिए अच्छी है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद यह बड़ी सीरीज है और यह खुद को जांचने का अच्छा मौका है। शुभमन गिल भारत की टी-20 टीम में वापस आ गए हैं और सीधे नेतृत्व की भूमिका में आ गए हैं। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज को एशिया कप 2025 के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ एशिया कप में पिछला मैच न खेलने के बाद यह उनकी वापसी है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वह अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के साथ तीन प्रमुख सलामी बल्लेबाजों के रूप में शामिल हो गए हैं। यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो गए हैं। सैमसन और अभिषेक द्वारा बांग्लादेश, दक्षिण अप्रफीका और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखलाओं में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गिल की जगह इस प्रारूप में संदिग्ध थी। लेकिन गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने आईपीएल 2025 में 155-87 के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।







### संक्षिप्त खेल समाचार

### रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**केर्न्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका 19 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे सीरीज में तेज गें. दबाज कैगिसो रबाडा के बिना खेलेगा। यह तेज गेंदबाज अपने दाहिने टखने में सूजन के कारण बाहर है। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय रबाडा का सोमवार (18 अगस्त) को स्कैन हुआ था, जिसमें चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि वह अब ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और राष्ट्रीय टीम के मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। केर्न्स में होने वाले पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और वियान मुल्डर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को चुना है। अगले दो मैच 22 और 24 अगस्त को मैके में खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया पर भारी पड़ा केशव का पंजा

**केर्न्स, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज (33 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में मंगलवार को 98 रन से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40-5 ओवर में 198 रन पर सिमट गयी। करियर में पहली बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले केशव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले महराज का करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन पर चार विकेट था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान ने 96 गेंदों में 10 चौकों की मदद से सर्वाधिक 88 रन बनाये। बेन ड्वारश्विस ने 33 और हेड ने 27 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 60

# पाक हॉकी एशिया कप से हटा

- **ओमान ने भी नाम वापसी लिया, बांग्लादेश व कजाकिस्तान को मौका**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है।

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रा में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था।

हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जो कि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### पीसीबी ने बाबर आजम-रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाला

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी सितारों अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शादाब खान को पिछले 12 महीनों में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है और उन्हें 2025/26 के लिए टीम की केंद्रीय अनुबंध सूची में पदोन्नति मिली है। इन सभी खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान द्वारा आज जारी की गई नवीनतम अनुबंध सूची में श्रेणी बी में पदोन्नति हासिल की। 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए कुल 30 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुल 10 खिलाड़ी श्रेणी बी में सूचीबद्ध हैं।

# अल्काराज-इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन

- **कार्लोस अल्काराज ने जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से खिताब जीता**
- **इगा स्वियाटेक ने महिला एकल के फाइनल में इटली की जैस्मीन को 7-5, 6-4 से हराया**

**सिनसिनाटी, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज को 2025 सिनसिनाटी ओपन चैंपियन का ताज पहनाया गया, जब जैनिक सिनर को फाइनल में रिटायर होना पड़ा, क्योंकि वे सिर्फ पांच गेम के बाद 5-0 से पिछड़ रहे थे।

कार्लोस अल्काराज ने सोमवार (18 अगस्त) को जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से 2025 सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीत लिया। अंतिम स्कोर 5-0 रहा। सीजन का उनका चौथा फाइनल मुकाबला, यह मैच जल्द ही पलट गया। 2025 सीजन के चौथे फाइनल मुक. ाबले की शुरुआत अच्छी रही क्योंकि आमतौर पर स्थिर रहने वाले सिनर ने अपना पहला सर्विस गेम लव पर गंवा दिया। अल्काराज ने लगातार चार और गेम जीते, इससे पहले कि इताल. वी खिलाड़ी ने चेंजओवर के दौरान ट्रेनर को बुलाया। कुछ ही मिनटों बाद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैच से रिटायर हो गए। दोनों खिलाड़ी - जो अपनी प्रतिद्वंद्विता का आनंद ले रहे थे - आपस में लिपट गए, अल्काराज ने अपने प्रतिद्वंद्वी के गले में हाथ डाला और सिनर के स्वास्थ्य को लेकर लचतित दिखे। सिनर ने ट्रॉफी समारोह के दौरान दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आपको निराश करने के लिए मुझे बहुत, बहुत दुख है। कल से, मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा था कि रात में मैं बेहतर हो जाऊंगा, लेकिन हालत और बिगड़ गई। मैंने वापसी की कोशिश की, इसे कम से कम एक छोटा मैच बनाने की को. शिश की, लेकिन मैं इससे ज्यादा नहीं झेल सका। अल्काराज और सिनर दोनों को यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स चैंपियनशिप में खेलना है।

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने महिला एकल फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इगा स्वियाटेक ने सोमवार (18 अगस्त) को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। एक घंटे 49 मिनट के कठिन टेनिस में, स्वियाटेक - टूर्नामेंट में एकल में जीत हासिल करने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी - ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली पाओलिनी के खिलाफ छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ केवल एक सेट गंवाया है। यह जीत उनके पहले से ही शानदार करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुई। यह स्वियाटेक का इस टूर पर 24वां और 1000 लेवल के स्तर पर 11वां खिताब था। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने चैंपियनशिप तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। लवबलडन में जीत के बाद सिनसिनाटी स्वियाटेक का इस सीजन का दूसरा खिताब था। वह यूएस ओपन में नंबर 2 सीड एकल के रूप में भाग ले रही हैं और नए रूप से तैयार किए गए मिश्रित युगल में उनकी जोड़ी कैस्पर रूड के साथ है।

# विश्व कप टीम में शेफाली को जगह नहीं





- **प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई है, रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की**

**मुंबई, वार्ता।** महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश की युवा तेज गें. दबाज़ क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स , ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह,अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**वर्ल्ड कप में भारत के मुक़ाबले**

बनाम श्रीलंका - 30 सितंबर 2025
बनाम पाकिस्तान - 5 अक्टूबर
बनाम दक्षिण अफ्रीका- 9 अक्टूबर
बनाम ऑस्ट्रेलिया - 12 अक्टूबर
बनाम इंग्लैंड - 19 अक्टूबर 2025
बनाम न्यूजीलैंड - 23 अक्टूबर
बनाम बांग्लादेश - 26 अक्टूबर

### फाइनल में जगह बनाने के लिए ईस्ट बंगाल का मुकाबला डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप का सेमीफाइनल चरण कोलकाता में रोमांचक मोड़ पर है, जहां एक बदली हुई और आत्मविश्वास से भरी ईस्ट बंगाल टीम बुधवार को सेमीफाइनल में टूर्नामेंट डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से भिड़ेगी। यह मुकाबला शाम 7 बजे कोलकाता के प्रसिद्ध विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

ईस्ट बंगाल ने क्वार्टरफाइनल में चिरप्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि डायमंड हार्बर एफसी ने आईएसएल क्लब जमश. ेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सबको चौंका दिया। हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की अगुआई में ईस्ट बंगाल ने हालिया वर्षों की कमजोरियों को पीछे छोड़ दिया है। कोच बनने के बाद पहली बार उन्होंने मोहन बागान के खिलाफ डर्बी जीत दर्ज की, जिससे टीम का आत्मविश्वास चरम पर है। ब्रुजोन ने मैच से पहले कहा कि डायमंड हार्बर एक बेखौफ टीम है। वे डेब्यूटेंट हैं लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जुझारूपन दिखाया है। इस तरह की टीमों को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। हमने डर्बी में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वो इतिहास हो चुका है। हमें उसी ऊर्जा और फोकस के साथ इस सेमीफाइनल में उतरना होगा। ईस्ट बंगाल ने ग्रुप स्टेज में साउथ यूनाइटेड एफसी को 5-0, नमधारी एफसी को 1-0 और इंडियन एयर फोर्स को 6-1 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। मोहन बागान के खिलाफ डर्बी में दिमित्रियोस डाइमंटाकोस दो गोल दागकर हीरो बन गए।

# जूनियर विश्व नंबर-1 तन्वी शर्मा, भार्गव राम विश्व तेज भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

- **सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी। भारतीय बैडलमटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे। भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है। चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे। दो- चरणीय राउंड-रॉबिन प्रारूप ने सुनिश्चित किया कि सबसे प्रतिस्पर्धी लाइन-अप का चयन किया जाए। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की बालिका एकल कांस्य पदक विजेता तन्वी और वेन्नाला को सीधे टीम में चुना गया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीम से 10 लड़के और 10 लड़कियों का चयन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में खेलने के लिए किया जाएगा। गुवाहाटी में चैंपियनशिप की मेजबानी के साथ, भारतीय खिलाड़ियों को उत्साही घरेलू दर्शकों का भी लाभ मिलेगा।

### ओम पवार और संदीप जैन ने पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी

**नोएडा, वार्ता।** यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया।

टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विक. सित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है। महेश चौहान ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के आमंत्रण पर यहां आया। पहले मुझे इस खेल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन जब हमारे एक कार्यकर्ता ने इसके बारे में बताया, तो मुझे रुचि हुई। मुझे देखकर खुशी हुई कि बीते 3-4 वर्षों में यह खेल उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हुआ है।

# मनु के कांस्य के बाद रशिमका को स्वर्ण पदक

- **मनु ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/ शॉटगन के दूसरे दिन, दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने अपने करियर की अद्भुत निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, एक और व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया।

रशिमका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद, रशिमका ने आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता - उनका स्कोर 241.9 रहा, जो रजत पदक विजेता कोरियाई हान सेउंगह्यून से 4.3 अंक अधिक था। वास्तव में, रशिमका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी की बात थी, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। मनु (583) ने मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक (573) और सुरुचि फोगाट (574) के साथ महिला एयर पिस्टल में टीम कांस्य पदक भी जीता, दोनों क्रमशः तीन और दो अंकों से व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। फाइनल में, मनु पहली पांच-शॉट सीरीज के बाद पांचवें और दूसरी के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन 11वें सिंगल शॉट में 10-5 का स्कोर बनाकर वह चीन की अंतिम विजेता मा कियानके के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इसके बाद, जब मा मैदान पर नहीं थीं, तो कोरियाई 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन यांग जिन, अनुभवी ईरानी हनीयेह रोस्तमियान और मनु के बीच छोटे स्थानों के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने जरूरी समय पर बड़े शॉट लगाए और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा,जहां हनीयेह चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला फाइनल में, रशिमका कोरिया की हान के साथ शुरू से ही वर्चस्व की लड़ाई में शामिल थीं। हालांकि, 13वें सिंगल शॉट के बाद वह पहली बार उससे आगे निकल गईं और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 15वें शॉट में 10-9 का स्कोर सोने पर सुहागा था। सोमवार से भारत ने सीनियर पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में एक व्यक्तिगत कांस्य, एक टीम रजत और एक टीम कांस्य पदक जीता है। उन्होंने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत जूनियर स्वर्ण पदक भी जीते हैं, जिसमें सोमवार को कपिल बैंसला ने पहला स्थान हासिल किया, और मंगलवार को रशिमका सहगल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जहां कपिल ने इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता, वहीं रशिमका ने महिला जूनियर टीम प्रतियोगिता में अपनी साथी वंशिका और मोहिनी की मदद से स्वर्णिम डबल पूरा करने में सफलता प्राप्त की। जोनाथन गेविन एंटनी ने भी जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता, जबकि गिरीश गुप्ता ने युवा पुरुष एयर पिस्टल में स्वर्ण और देव प्रताप ने युवा पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 20 अगस्त 2025

# कांग्रेस का ग्राफ बढ़ेगा

वोटों की चोरी जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार तेजी से जारी है, हाल के वर्षों में राहुल की ये तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा निकाली थी। इस यात्रा से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा था। उसकी सीटें बढ़ीं और अब एक बार फिर कांग्रेस इस उम्मीद में है कि वोट अधिकार यात्रा से बिहार में उसकी स्थिति बदलेगी। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अब वोट अधिकार यात्रा, ये वो यात्राएं हैं जिसमें दो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी निकाल चुके हैं और एक निकाल रहे हैं। भारत जोड़ो और न्याय यात्रा को राहुल ने लोकसभा चुनाव से पहले निकाला था, तो वोट अधिकार यात्रा को बिहार चुनाव से पहले निकाल रहे हैं। कांग्रेस ने यात्रा के प्रयोग को लोकसभा चुनाव में हिट माना था, जिसके बाद इसे बिहार विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। लोकसभा चुनाव को देखें, तो राहुल गांधी ने जिन सीटों से अपनी यात्रा के दौरान गुजरे उनमें से 41 सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जीतने में कामयाब रहे। भारत जोड़ो यात्रा ने 71 सीटों को कवर किया था, जबकि न्याय यात्रा 82 सीटों से होकर गुजरी थी। यानी कुल 153 सीटों से ये दोनों यात्रा होकर निकली थी, जिसमें से इंडिया गठबंधन को 41 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी की ये यात्रा बिहार में भी थी। सात सीटों पर ये पहुंची थी, इनमें से कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत हासिल की।वहीं, उसके विपक्षी सहयोगियों ने दो सीटें जीतीं। कुल मिलाकर ये यात्रा बिहार में सफल रही थी। वहीं देशभर में भी इस यात्रा से कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। जो पार्टी पिछले दो चुनावों से 50 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही थी वो 2024 के चुनाव में इससे काफी आगे निकलने में सफल हुई और यहां तक कि उससे लोकसभा में विपक्ष का नेता चुनने का अधिकार भी मिला। कांग्रेस- आरजेडी के साथ मिलकर इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है। इसको हकीकत में बदलने का मोर्चा खुद राहुल गांधी ने संभाल लिया है। जन-जन को साधने के लिए वह वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल की इस यात्रा का मकसद जनता को उसके वोट के अधिकार के बारे में बताना है। दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई है। एसआईआर को लेकर भी चुनाव आयोग को वह निशाने पर लिए हुए हैं। वोट चोरी पर सरकार और चुनाव आयोग को घेरने के लिए वोट अधिकार यात्रा 23 जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत राहुल ने सासाराम से की, जो दलितों का गढ़ है। बाबू जगजीवन राम और फिर उनकी बेटी मीरा कुमार यहीं से सांसद चुनी जाती रहीं। मुस्लिमों की तरह दलित भी बिहार में कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहा है। बिहार में दुसाध-पासी वोट के साथ अन्य दलित जातियों का 55 से 65 फीसदी वोट एनडीए के पाले में जाता रहा है, लेकिन 2024 के चुनाव में इसमें गिरावट देखी गई है। राहुल जिन 23 जिलों की 50 विधानसभा सीटों पर जा रहे हैं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने इनमें से 23 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 50 में से 20 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से 8 सीटों पर जीत मिली थी। यह दशकों में बिहार में कांग्रेस का पहला बड़ा जमीनी स्तर का आंदोलन है जहां लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय नेताओं के उभरने के साथ इसका राजनीतिक प्रभाव लगातार कम होता गया। 2020 में बिहार में 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। 243 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 74, जेडीयू को 43, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, सीपीआइ एमएल को 12, एआइएमएम को 5, सीपीआई को 2, सीपीएम को 2, बसपा को 1, हम को 4, लोकजनशक्ति पार्टी को 1, विकासशील इंसान पार्टी को 4 सीटों पर मिली थी। राहुल की कोशिश 2020 के आंकड़े को बदलने की है। यही नहीं वह इस बार कांग्रेस के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का भी प्रयास करेंगे।

## राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे



आने वाले लोकसभा के चुनाव में महागठबंधन की मजबूत सरकार और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे, भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर गरीबों का वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं, लोकसभा में जीवित सदस्यों को अब मृत घोषित कर दिया गया है, यह सब एक साजिश का हिस्सा लगता है, उन्हें लगता है कि बिहार को आसानी से चूना लगा देंगे, लेकिन मोदी जी यह नहीं जानते कि हम बिहारी हैं, हमारा बिहार सब पर भारी है, हम लोग चूना में खैनी में मिलाकर रगड़ दिया करते हैं, चाहे कोई भी जाति, वर्ग या धर्म से हो, हम नया बिहार बनाएंगे, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

**-तेजस्वी यादव, वरिष्ठ राजद नेता**

# मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण



**श्वेता गोयल**



मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं, इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ 'विश्व मच्छर दिवस' मनाया जाता है।

20 अगस्त को ही यह दिवस मनाने का कारण यही है कि 1897 में लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के ब्रिटिश डॉक्टर सर रोनाल्ड रॉस ने इसी दिन मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जिसके काटने से मलेरिया होता है। यह पहली बार था, जब किसी डॉक्टर ने मच्छर और मलेरिया के बीच संबंध स्थापित किया था और उनकी उस खोज ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार खोजने में मदद की। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मच्छरों के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 20 अगस्त 1897 से ही इस दिन की शुरुआत हुई। मलेरिया से जुड़ी महत्वपूर्ण खोज के कारण ही डा। रोनाल्ड रॉस को 1902 में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष 'विश्व मच्छर दिवस' का विषय है 'अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाना' जो विशेष रूप से कमजोर आबादी के लिए मलेरिया की रोकथाम, निदान और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह मलेरिया नियंत्रण में प्रभावी हस्तक्षेपों को बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। मलेरिया सबसे आम लेकिन जानलेवा वेक्टर जनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से होती है, जिसके माध्यम से परजीवी रक्त प्रवाह में प्रवेश करता है। यह ऐसी परजीवी बीमारी है, जो अफीका और दक्षिण एशिया जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक आम है। हालांकि समय पर निदान और उपचार जटिलताओं को रोक सकता है तथा कई लोगों की जान बचा सकता है। जब कोई मच्छर मलेरिया से संक्रमित किसी व्यक्ति को काटता है तो वह मच्छर भी संक्रमित हो जाता है, फिर यह संक्रमित मच्छर अपने काटने से परजीवी को स्वस्थ व्यक्ति में फैला सकता है, जिससे बीमारी फैलती है। बता दें कि सभी मच्छर मलेरिया नहीं फैलाते बल्कि केवल संक्रमित मादा एनाफिलीज ही इसे मनुष्यों में फैलाने में सक्षम होते हैं। मलेरिया एनाफिलीज मच्छर से नहीं होता बल्कि यह मच्छर परजीवी का काम करते हैं। यदि कोई मच्छर आपको काटता है और उसमें मलेरिया है तो परजीवी आपके रक्त प्रवाह में चला जाएगा, जो आपके पूरे शरीर को संक्रमित कर सकता है।

वैसे तो दुनिया में मलेरिया का उपचार मच्छर की खोज से पहले भी था। वैज्ञानिकों ने उससे पहले 'कुनैन' दवा की खोज कर ली थी लेकिन उसकी कमी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जा रही थी। 1897 में मलेरिया के वाहक एनाफिलीज मच्छर की खोज होने के बाद ही मलेरिया से निपटने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा कई और महत्वपूर्ण रिसर्च की गई। हालांकि समय के साथ मलेरिया परजीवियों ने आर्टेमिसिनिन और क्लोरोक्वीन सहित आमतौर पर मलेरिया के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है, इसीलिए अब दुनियाभर के कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ मलेरिया से लड़ने वाली बेहतर दवाओं की खोज जारी रखे हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण दुनियाभर में हर साल सात लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

मच्छरों के काटने से डेंगू, मलेरिया, जीका वायरस, वेस्ट नाइल, पीला बुखार, लिम्फैटिक फाइलेरिया जैसी बीमारियां होती हैं। मच्छर के काटने पर बहुत ज्यादा खुजली और जलन की समस्या होती है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के करीब 29 करोड़ मामले सामने आते हैं और मलेरिया से प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। हर साल भारत में ही करीब 4 करोड़ लोग मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं, जिनमें मलेरिया सबसे आम है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मलेरिया के ही प्रतिवर्ष करीब डेढ़ करोड़ मामले सामने आते हैं। दुनिया के 100 से भी ज्यादा देशों में मलेरिया के मामले रिपोर्ट होते हैं। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक दुनियाभर में मलेरिया के करीब 70 प्रतिशत मामले 11 देशों में ही केंद्रित हैं, जिनमें से एक भारत तथा बाकी अफीकी महाद्वीप के हैं। मलेरिया ऐसी बीमारी है, जो आमतौर पर दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी ऐसी घातक बीमारी है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, ठंड लगना, पसीना, सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल होते हैं।

दुनियाभर में मच्छरों की करीब 3700 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 393 प्रजातियां भारत में हैं। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के बाद भारत पांचवां सर्वाधिक मच्छर विविधता वाला देश है। इनमें से मच्छरों की कुछ प्रजातियां ही रोगवाहक होती हैं। मच्छरों की ऐसी ही कुछ विशेष प्रजातियां विभिन्न बीमारियों के प्रसार का कारण बनती हैं, जिनमें मलेरिया के अलावा डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, वेस्ट नाइल वायरस रोग, लिम्फैटिक फाइलेरिया इत्यादि प्रमुख हैं। दुनियाभर में 4 अरब से भी ज्यादा लोग एडीज मच्छर द्वारा फैलने वाले डेंगू के जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं। डेंगू बुखार आमतौर पर उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द तथा त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। डेंगू बुखार कभी-कभी डेंगू हेमरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम में बदल सकता है, जो जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। चिकनगुनिया के मामले और प्रकोप अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप तथा हिंद और प्रशांत महासागरों में 100 से भी ज्यादा देशों में सामने आए हैं। चिकनगुनिया भी एडीज मच्छर द्वारा ही फैलता है, जिसके लक्षणों में बुखार, जोड़ो में गंभीर दर्द, और त्वचा पर रैशेज शामिल हैं। चिकनगुनिया का दर्द कई महीनों तक बना रह सकता है, जिससे व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

जीका वायरस भी संक्रमित एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से फैलता है। यह वायरस जीका वायरस से संक्रमित व्यक्ति से उसके यौन साथी में शारीरिक संबंधों के जरिए भी फैल सकता है। गर्भवती महिला से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में भी यह वायरस फैल सकता है। गर्भावस्था के दौरान संक्रमण से कुछ जन्म दोष हो सकते हैं। जीका वायरस रोग के मामले और प्रकोप अफ्रीका, अमेरिका, दक्षिणी प्रशांत और पश्चिमी प्रशांत के क्षेत्रों में सामने आते रहे हैं। वेस्ट नाइल वायरस रोग अमेरिका सहित दुनिया के कई स्थानों में पाया जाता है, जो मच्छर जनित बीमारी का प्रमुख कारण है। यह क्यूलेक्स मच्छर के माध्यम से फैलता है, जो कभी-कभी एन्सेफलाइटिस और मेनिंजाइटिस जैसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि अपने घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में लंबे समय तक रहा कोइराला परिवार का वर्चस्व

**शेखर कोइराला के हाल ही ओली सरकार पर जमीन कब्जाने संबंधी बयान से ओली सरकार असहज हुई है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी कोइराला परिवार का कब्जा रहता था। इस परिवार के सुशील कोइराला नेपाली कांग्रेस के आखिरी अध्यक्ष रहें हैं। इस समय इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल की राजनीति में चर्चा है कि शेखर कोइराला पार्टी के अध्यक्ष पद को हासिल करने की चाह रखते हैं ताकि नेपाली कांग्रेस पर एक बार फिर कोइराला परिवार का वर्चस्व कायम हो सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की राजनीति में कभी कोइराला परिवार का दबदबा था। राजा शासन से लेकर लोकतंत्र बहाली तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। कहना न होगा कि एक ही वंश के चारों प्रधानमंत्रियों का मिजाज भिन्न था और सभी की कार्यशैली भी अलहदा थी।

कोइराला जाति से कान्यकुब्ज ब्राह्मण होते हैं। चूंकि यह परिवार पहाड़ का निवासी है इसलिए इन्हें पहाड़ी ब्राह्मण भी कहा जाता है। राजशाही के जमाने में इस परिवार के पहले प्रधानमंत्री मातृका प्रसाद कोइराला हुए। मातृका प्रसाद 16 नवम्बर 1951 से 14 अगस्त 1952 और फिर 15 जून 1953 से 11 अप्रेल 1955 तक ऐसे समय प्रधानमंत्री रहे जब राजशाही अपने निरंकुशता के चरम पर था। कोइराला परिवार के यह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बस नाम के प्रधानमंत्री थे लेकिन उसके बाद जब इनके छोटे भाई वीपी कोइराला प्रधानमंत्री बने तो कहना न होगा, उन्होंने तत्कालीन नरेश महेंद्र के नाक में दम कर दिया। वे मात्र 18 माह ही प्रधानमंत्री रहे लेकिन इनके इस कार्यकाल को लोकतंत्र की स्थापना काल के रूप में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री वीपी कोइराला अपेक्षाकृत लोकतांत्रिक थे। इसीलिए उनकी राजा महेन्द्र से लंबे समय तक टकराव चला। बहुत दलीय लोकतंत्र की लड़ाई में उन्हें 18 महीने जेल में रहना पड़ा। वे कई महीनों तक भूमिगत भी रहे। उन्हें निर्वाशित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा। वीपी कोइरालला नेपाल के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1960 में ही राजशाही की चूले हिलाकर रख दी थी। उनका जीवन अधिकांशत: जेल,निर्वासन और बीमारियों से जूझते हुए बीता। वीपी कोइराला के बाद इनके छोटे भाई गिरिजा प्रसाद कोइराला प्रधानमंत्री हुए। वे नेपाल के चार बार प्रधानमंत्री थे। उन्होंने राजशाही के वक्त का नेपाल और लोकतान्त्रिक नेपाल दोनों को करीब से देखा।

वे 1991 से लेकर 2008 यानि लोकतंत्र बहाली तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का महात्मा गांधी भी कहा गया है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीब रहे। वे सदैव ही भारत नेपाल के बीच प्रगाढ़ संबंध के हिमायती रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला का भारत से भी नजदीक का संबंध रहा है। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का मिजाज अपने बड़े भाई वीपी कोइराला से भिन्न रहा। लोकतांत्रिक नेपाल का समर्थक होते हुए भी इनका तेवर राजा के प्रति कभी आक्रामक नहीं रहा। नेपाल की राजनीति में गिरिजा प्रसाद कोइराला के शांति स्वभाव के नाते इन्हें लोग प्यार से गिरिजा बाबू भी कहते थे। गिरिजा प्रसाद कोइराला के बाद 2014 में सुशील कोइराला नेपाल के 37 वें और लोकतान्त्रिक नेपाल के छठवें प्रधानमंत्री हुए। सुशील कोइराला गिरिजा प्रसाद कोइराला के बूआ के लड़के थे। इस तरह इन्हें भी कोइराला परिवार के सदस्य के रूप में जाना जाता है। उनकी पहचान वरिष्ठ राजनितिज्ञ और लोकतान्त्रिक योद्धा के रूप में है। वे पार्टी के अध्यक्ष भी थे।प्रधानमंत्री रहते हुए उनके सादगी चर्चा खूब रही। वे सरकारी खजाने का एक भी पैसा अपनी सुविधाओं पर कभी नहीं खर्च किए। नेपाल के लोगों को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में उन्हें मौजूदा प्रधानमंत्री व एमाले नेता केपी शर्मा ओली से हार जाना पड़ा। चुनाव हारने के कुछ दिन बाद ही फेफड़े के संक्रमण की वजह से उनका निधन हो गया। सुशील कोइराला का मानना था कि नेपाल जैसे गरीब देश में केवल व्यक्तिगत आजादी और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी ही पर्याप्त नहीं है। वे कहते थे कि लोकतांत्रिक समाजवाद ही नेपाल के पिछड़े पन का समाधान है। कोइराला परिवार के अंतिम शख्सियत सुशील कोइराला के बाद इस परिवार मे राजनीतिक शून्यता जा गई है। आज इस परिवार के एक मात्र सदस्य शेखर कोइराला नेपाल की राजनीति में सक्रिय हैं और नेपाली कांग्रेस में अपनी हैसियत बढ़ाने को संघर्षरत भी हैं। शेखर कोइराला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के चचेरे भाई हैं। शेखर कोइराला वर्तमान में प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं। नेपाल में मौजूदा ओली सरकार नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किसान और व्यापारी का साझा भविष्य: राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा





**रोहित अग्रवाल**

राष्ट्रीय लोकदल को अक्सर केवल किसानों की पार्टी कहा जाता रहा है। अतीत में यह धारणा गहरी रही कि किसानों की राजनीति और व्यापारियों के हित अलग-अलग हैं। लेकिन बदलते समय ने यह साबित किया है कि जब तक व्यापार श्रृंखला मजबूत नहीं होगी, तब तक किसानों की उपज को उचित मूल्य नहीं मिल सकता और जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक व्यापार भी स्थाई और संतुलित नहीं हो सकता। यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी विचारधारा में किसान और व्यापारी दोनों वर्गों को जोड़कर देखने का संकल्प लिया है।

कृषक और व्यापारी, दोनों देश की आर्थिक धुरी हैं। किसान अनाज, सब्जियां, फल और तमाम कृषि उत्पाद पैदा करता है, लेकिन उनका सही मूल्य तभी संभव है जब मजबूत व्यापारिक श्रंखला उपलब्ध हो। भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन जैसी व्यवस्थाएं यदि व्यवस्थित ढंग से होंगी, तभी किसान की उपज अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेगी और उसे उसका हक मिलेगा। इसी सोच से राष्ट्रीय लोकदल ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसका उद्देश्य यही है कि व्यापारी वर्ग की मजबूती से किसानों का भी भविष्य सुरक्षित हो।

यह भी सच है कि पिछले वर्षों में चले चौदह महीने लंबे किसान आंदोलन ने किसानों और भारतीय जनता पार्टी के बीच दूरी का एक वातावरण बनाया था। उस दौर में यह संदेश गया कि भाजपा व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है और यह भी कि व्यापारी और किसान के हित आपस में मेल नहीं खाते, लेकिन आज परिस्थितियां बदली हैं। राष्ट्रीय लोकदल इस खाई को भरने का काम कर रहा है। हम किसान और व्यापारी दोनों को साथ लेकर समावेशी नीति तैयार कर रहे हैं। भाजपा भी अब किसानों की जरूरतों को समझते हुए अपनी नीतियों में सुधार कर रही है।

संवाद और सहयोग के इस माहौल ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसान और व्यापारी, दोनों वर्गों का तालमेल ही देश की प्रगति का आधार है। इस समावेशी दृष्टिकोण के सफल परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे और किसान की स्थिति निश्चित रूप से बेहतर होगी। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार देशभर में औद्योगिक कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे और हाईवे का जाल बिछा रही है। इन परियोजनाओं का लाभ केवल उद्योग जगत को ही नहीं मिलेगा, बल्कि किसान की फसल भी अब सीधे बड़े बाजारों और प्रसंस्करण केंद्रों तक पहुंच सकेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए किसानों के उत्पाद का मूल्य कई गुना बढ़कर उन्हें मिलेगा। राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि यह विकास की दिशा दोनों वर्गों के लिए समान रूप से हितकारी है और इसलिए व्यापार व किसान को एक सेतु से जोड़ने का काम हमारा व्यापार प्रकोष्ठ कर रहा है। राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय जनता पार्टी की उन नीतियों का समर्थन करता है जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के जरिए भंडारण, बीज, खाद, दवा और कृषि उपकरण गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना इसका उदाहरण है। अब किसान को इनपुट सामग्री भी उसके दरवाजे पर उचित दाम पर मिलेगी और उपज का भंडारण भी गांव में ही संभव होगा। इससे किसान को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और व्यापारी वर्ग को भी पारदर्शी व्यापार व्यवस्था का अवसर मिलेगा। पुरानी धारणा यह थी कि व्यापारी और किसान एक-दूसरे के हितों के विपरीत खड़े होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोकदल इस सोच को तोड़ रहा है। हमारी विचारधारा कहती है कि जब व्यापारी को अनुकूल माहौल मिलेगा, व्यापारिक संरचना मजबूत होगी, तो वही संरचना किसान के हितों की भी रक्षा करेगी। किसान और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

इसी विचार के साथ राष्ट्रीय लोकदल ने किसान और व्यापारी के साझा भविष्य का खाका तैयार किया है। यह तालमेल केवल राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक समरसता की नई राह है। भाजपा की समावेशी नीतियों और राष्ट्रीय लोकदल की किसान-केन्द्रित विचारधारा के बीच यह सामंजस्य देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। आज जरूरत है कि किसान और व्यापारी एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। राष्ट्रीय लोकदल इस साझा दृष्टि को लेकर ही काम कर रहा है, जहां किसान की समृद्धि और व्यापारी की प्रगति साथ-साथ चले। यही रास्ता देश की वास्तविक उन्नति की ओर ले जाएगा और यही भारत को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

( लेखक राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत-चीन में बातचीत से संबंध मजबूत हुए: डोभाल

## एनएसए ने कहा: दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं।

शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के



**चीन ने माना पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था**

सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जाएंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्ठता आएगी। विदित हो कि भारत यात्रा पर आए वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। वहीं गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के पांच वर्ष बाद चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को माना कि पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था और अब दोनों को आम सहमति बनाकर सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को सुलझाकर परस्पर विश्वास बढाना चाहिए। भारत ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द के कारण संबंधों के मजबूत होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। सीमा विवाद से संबंधित मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और चीन के बीच मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं।

### भारत से कल सीधे पाक जाएंगे चीनी विदेश मंत्री वांग ई

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई तीन दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद बुधवार को यहां से सीधे पाकिस्तान की यात्रा पर जाएंगे जहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष और उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ वार्ता करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वांग ई 20 से 22 अगस्त तक पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ चीन-पाकिस्तान विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता के छठे दौर की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान को अटूट और सदाबहार मित्र बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष 'व्यावहारिक सहयोग' बढ़ाने के लिए 'गहन संवाद' करेंगे। चीन के विदेश मंत्री की तीन वर्षों में यह दूसरी पाकिस्तान यात्रा होगी।



मुंबई। बारिश के बीच पानी से भरी सड़क से गुजरते लोगों के बीच कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति।

### जॉर्डन सम्राट ने गाजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति का किया आह्वान

**अम्मान।** जॉर्डन के सम्राट अब्दुल्ला द्वितीय ने सोमवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति का आह्वान किया। रॉयल हाशमाइट कोर्ट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान सम्राट अब्दुल्ला ने गाजा पर अपने कब्जे को मजबूत करने और वहाँ सैन्य नियंत्रण का विस्तार करने की इजरायल की योजनाओं को जॉर्डन द्वारा अस्वीकार किए जाने की बात दोहराई और चेतावनी दी कि इस तरह के 'एकतरफा कदम' क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने तथाकथित ग्रेटर इजरायल दृष्टिकोण पर इजरायल के बयानों को भी खारिज कर दिया और पश्चिमी तट पर बस्तियों के विस्तार की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है और फलस्तीनियों के एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के अधिकार को कमजोर करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के यूटा में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के यूटा में रविवार रात हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार पड़ोसी ब्रिघम सिटी पुलिस विभाग ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिसा के एक मामले में किसी व्यक्ति के कई बार 911 पर कॉल करने के बाद ट्रेमोंटन गारलैंड पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति बंदूक लेकर बाहर आया और पहले अधिकारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पहले अधिकारी की मदद करने आए दूसरे अधिकारी को भी उस व्यक्ति ने गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ. जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।

### कोलंबिया और पेरू की यात्रा पर जाएंगे पी. कुमारन

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया व पेरू की छह दिन की यात्रा पर जाएंगे जहां वह इन देशों के साथ निरंतर बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान कुमारन कोलंबिया व पेरू की सरकारों के मंत्रियों व अधिकारियों से मिलेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय संदर्भ में पारस्परिक हित के विषयों के अलावा, व्यापार और वाणिज्य, खनन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा, बुनियादी ढांचा, आईटी और डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

# रूस-यूक्रेन के बीच फिलहाल सीजफायर नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने की जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग, सीजफायर पर सहमति नहीं बनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति आफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की।

इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए। मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कान्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डालर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। ट्रम्प ने यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी लेने का संकेत देते हुए कहा है कि अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। बातचीत से उत्साहित अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय वार्ता की व्यवस्था करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को इस बातचीत के दौरान ही फोन किया और आशा व्यक्त कि अब अगली बैठक यूक्रेन, रूस और अमेरिका की त्रिपक्षीय बैठक के रूप में हो सकती है। अमेरिकी सुरक्षा गारंटी को लेकर भले ही संकेत मिले हों लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये वार्ता किस रूप में होंगी और इनमें विदेशी सैनिकों की तैनाती, संयुक्त हवाई और समुद्री गश्त, खुफिया जानकारी साझा करना या सैन्य सहायता शामिल हो सकती है। अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के बीच चल रही बातचीत से उत्साहित यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई यह वार्ता अब तक की सबसे अच्छी वार्ता रही है और वह पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने युद्ध समाप्त करने के लिए आगे की बातचीत से पहले किसी तरह के युद्धविराम की आवश्यकता को खारिज कर दिया, जिसका यूरोपीय नेताओं ने विरोध किया। बैठक में आए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा कि मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि अगली बैठक युद्धविराम के बिना होगी। उन्होंने कहा कि हमें रूस पर दबाव बनाने की कोशिश करनी होगी। व्हाइट हाउस में मौजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि वह आज की बैठक के परिणाम से बहुत प्रसन्न हैं, जिसने नेताओं के बीच एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उसके बिना नहीं लिया जाना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी युद्धविराम के लिए मर्ज़ की टिप्पणियों को दोहराया लेकिन यह भी कहा कि यूरोपीय सैन्य बलों को ज़मीनी स्तर पर यूक्रेन की मदद करनी चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने हालांकि जरा तल्खी से कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी में अमेरिका की भागीदारी के बारे में 'कुछ भी ठोस' नहीं है। जेलेंस्की और पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि रूसी नेता पर भरोसा नहीं किया जा सकता।



**ट्रम्प ने पुतिन को फोन किया यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले आठ लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा**

### यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगाति हो रही: जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एवं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उनका मानना है कि पुतिन रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं और वह शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन और सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगति हो रही है और उसके द्वारा मांगी गई सुरक्षा गारंटी प्रदान की जाएगी। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह युद्ध को कूटनीतिक तरीके से समाप्त करने के विचार का समर्थन करते हैं और वह त्रिपक्षीय बैठक के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने मीडिया से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी स्वीकार करने पर सहमत हुए हैं, जो उन प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिन पर 'हमें विचार करने की आवश्यकता है,' और कहा कि पुतिन इसका समाधान खोजना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने मोदी, आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले हेमंत मालवीय की अंतरिम राहत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कथित आपत्तिजनक कार्टून बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि मंगलवार को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम संरक्षण अवधि बढ़ाते कहा कि उन्हें 10 दिनों के भीतर माफीनामा प्रकाशित करना चाहिए।

पीठ के समक्ष आरोपी मालवीय के अधिवक्ता ने कहा कि वह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। इंदौर के स्थानीय अधिवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विनय जोशी ने इस मामले में लसूड़िया थाने में मालवीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शीर्ष अदालत के समक्ष इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि जांच जारी रहने के कारण पोस्ट को हटाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मालवीय को सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करने दें और साथ ही वह यह भी वचन दें कि वह दोबारा ऐसा नहीं करेंगे और जांच में सहयोग कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 15 जुलाई को कार्टूनिस्ट को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करते हुए शो और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग की निंदा की थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 3 जुलाई, 2025 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा था कि आवेदक द्वारा इस कार्टून में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ आरएसएस को चित्रित करने का आचरण के साथ ही एक अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग है।

**हेमंत को दस दिन के भीतर माफीनामा प्रकाशित कराना चाहिए: पीठ**

# पुतिन ने दी रामफोसा को ट्रम्प से मुलाकात के बारे में जानकारी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को सोमवार को रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पुतिन और ट्रम्प ने अलास्का के एंकोरेज में एक महत्वपूर्ण बैठक की थी।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत के तरीके और शांति प्रक्रिया पर उभरते तालमेल पर संतोष व्यक्त किया। बयान के अनुसार रामफोसा ने पुतिन की ब्रीफिंग की सराहना की और साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच स्थाई शांति स्थापित करने के लिए प्रमुख मुद्दों पर और अधिक समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक बार फिर खुले संवाद बनाए रखने और द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर अपना सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया। रामफोसा अन्य अफ्रीकी नेताओं के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता भी कर रहे हैं। ट्रम्प सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से मिलने वाले हैं।

### बंडारू विल्सनबाबू तुर्कमेनिस्तान और किशन देवल डोमिनिकल गणराज्य के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बंडारू विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान और किशन दान देवल को डोमिनिकल गणराज्य का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मेडागास्कर में भारत के राजदूत विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है और उनके उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव किशन दान देवल को डोमिनिकन गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

# 25% एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर छाया संकट

## 25 लाख लोग गरीब हो सकते हैं प्रभावित, भारतीय रत्नों का 30% ग्लोबल ट्रेड भी खतरे में

**मुंबई।** भारत पर ट्रम्प का टैरिफ 27 अगस्त से दोगुना यानी 50 प्रतिशत होने वाला है। इसको लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान करने वाले सेक्टर्स में डर का माहौल है, क्योंकि आर्डर में भारी कमी के चलते व्यापार का एक बड़ा हिस्सा जल्द ही बंद हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के भदोही में कालीन बनाने वाले इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ से हम हैरान थे और सोच रहे थे कि इस समस्या का सामना कैसे होगा, लेकिन अब ये 50 प्रतिशत हो गया है, इसे झेलना असंभव है। हमें डर है कि इससे करीब 25 लाख कामगार-मजदूर अपनी जरूरतें पूरी करने में भी सक्षम नहीं रह जाएंगे। भारत में काफी बड़े स्तर पर कालीन का उत्पादन होता है। इसमें से 98 प्रतिशत माल विदेश भेजा जाता है। हाथ से बने टफ्टेड कालीन इस व्यापार का बड़ा हिस्सा है, जबकि पर्शियन स्टाइल के हाथ से बने रग्स या गलीचे (कारपेट) सबसे कीमती हैं। बीते कुछ साल में कालीन और रग्स का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को बेचा गया है। ट्रम्प के टैरिफ के चलते अमेरिका को माल बेचने पर अब 500 डालर के कारपेट पर 125 डालर का टैरिफ लग रहा है, आगे ये 250 डालर तक पहुंच सकता है। इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं। वे सरकार के मुफ्त पांच किलो अनाज पर निर्भर रहते हैं। धागा कातना और रंगना, डिजाइन करना, बुनाई और कालीन की फिनिशिंग करने के काम से उन्हें करीब 15 हजार रुपये महीना अतिरिक्त मिलता है। इश्तियाक कहते हैं सबसे बुरा हाल हमारे हमारे मजदूरों और बुनकरों का होगा। कालीन उद्योग के अलावा भी कई सेक्टर्स पर खतरा है। 7 अगस्त को ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की, तो जेम्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने लिखा कि भारतीय रत्नों के ग्लोबल ट्रेड का 30 प्रतिशत खतरे में है। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर भारत है।

**इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं**

# इजरायल ने की लेबनान में नई सैन्य चौकी स्थापित

**बेरूत।** इज़रायल की सेना ने सोमवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में एक नई सैन्य चौकी स्थापित की। लेबनानी सुरक्षा और स्वास्थ्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि यह नई चौकी कफ़र किला गाँव के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित ब्लू लाइन से लगभग 15 मीटर दूर है। सूत्र ने कहा कि यह एक मिट्टी के अवरोध से घिरा हुआ है, निगरानी उपकरणों और भारी मशीनगनों से लैस है और इसमें एक मर्कवा टैंक भी है। लेबनानी सूत्र ने दावा किया कि यह कदम इज़रायल द्वारा मिस्गाव आम की इज़रायली बस्ती के पास एक चौकी स्थापित करने के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। यह लेबनानी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर अंदर है। इस बीच लेबनान के जन स्वास्थ्य मंत्रालय के जन स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने एक बयान में कहा कि इजरायली दुश्मन के ड्रोन द्वारा गिराए गए बम से चार लोग घायल हो गए, ये सभी सीरियाई नागरिक थे।







